www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

15 अप्रैल 2026
हरदा, बुधवार
वर्ष-15, अंक - 306, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख कृष्ण पक्ष - 13
विक्रम संवत् 2083


## विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आज आएंगे खंडवा

### नेतनगांव और ओंकारेश्वर का करेंगे दौरा

**अनोखा तीर, खंडवा।** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आज 15 अप्रैल को खंडवा आएंगे तथा जिले के नेतनगांव एवं ओंकारेश्वर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर 15 अप्रैल को गोवा एक्सप्रेस से सुबह 7 बजे खंडवा पहुंचेंगे। इसके बाद वे प्रात: 10 बजे खंडवा से रवाना होकर 11 बजे पुनासा तहसील के ग्राम नेतनगांव में पूर्व सांसद स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर दोपहर 1:30 बजे ग्राम नेतनगांव से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे ओंकारेश्वर पहुंचेंगे और वहां भगवान श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन करेंगे। इसके पश्चात श्री तोमर दोपहर 3:30 बजे ओंकारेश्वर से प्रस्थान कर शाम 5 बजे खंडवा सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा रात्रि 7:20 बजे कर्नाटक एक्सप्रेस से खंडवा से भोपाल के लिए रवाना होंगे।



# आज जारी होगा एमपी शिक्षा बोर्ड का रिजल्ट

### टॉपर्स को कैश प्राइज और लैपटॉप देगी सरकार


**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल 2026, बुधवार को सुबह 11 बजे घोषित किया जाएगा। रिजल्ट की घोषणा मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) की ओर से भोपाल स्थित बोर्ड मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की जाएगी। रिजल्ट की ऑफिशियल डेट MPBSE ने सोमवार (13 अप्रैल 2026) को ही जारी कर दी थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी रिजल्ट की तारीख की पुष्टि कर दी थी। इस साल एमपी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले स्टूडेंट रिजल्ट जारी होने के बाद ऑफिशियल वेबसाइट mpbse.nic.in या mpresults.nic.in पर अपना परिणाम चेक कर पाएंगे।



### टॉपर्स को किया जाएगा सम्मानित

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) की प्रेस कॉन्फ्रेंस में 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के टॉपर्स का नाम भी जारी किया जाएगा और फिर उसके बाद जो टॉपर्स होंगे उन्हें राज्य सरकार की ओर से कैश प्राइज और अन्य ईनाम के साथ सम्मानित भी किया जाएगा। राज्य में टॉप पोजिशन हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को मुख्यमंत्री मोहन यादव की ओर से सम्मानित किया जा सकता है। साथ ही प्राइज मनी और ईनाम भी दिए जाएंगे। मध्य प्रदेश बोर्ड 10वीं और 12वीं में टॉप करने वाले छात्रों को सरकार की ओर से 25 हजार रुपए की कैश राशि और लैपटॉप दिया जाएगा। मुख्य पुरस्कारों में मेधावी छात्राओं को स्कूटी और ग्रामीण क्षेत्रों के टॉपर्स को साइकिल दी जा सकती है। 12वीं के जिन स्टूडेंट्स ने 75 परसेंट या उससे ज्यादा नंबर मिलेंगे उन्हें कैश प्राइज मिलेगा। पिछले साल टॉपर्स को यही सब दिया गया था। 2025 में एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं में प्रज्ञा जायसवाल ने टॉप किया था। नरसिंहपुर की रहने वाली प्रज्ञा जायसवाल को 500 में से 500 नंबर मिले थे। 10वीं क्लास में रीवा के आयुष द्विवेदी को 499 मार्क्स के साथ दूसरा स्थान मिला था। जबलपुर की फातिमा को 500 में से 498 नंबर मिले थे।



### संविधान निर्माता होने के साथ नए भारत के निर्माता भी हैं बाबा साहेब : मुख्यमंत्री

# नारी सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे बाबा साहेब

**अनोखा तीर, भोपाल/महू।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि पर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। बाबा साहेब एक ऐसे युग दृष्टा थे, जिन्होंने एक हजार साल की गुलामी की कठिनाइयों को दूर करने और समाज के अंदर समानता के भाव को विकसित करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। बाबा साहेब के योगदान से हम सभी गौरवान्वित होते हैं। हमें उनके बनाए संविधान के अनुसार ही चलना चाहिए। इससे श्रेष्ठ संविधान और कोई नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. अम्बेडकर द्वारा महिला समानता और सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों और उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने बहनों को पिता की संपत्ति में अधिकार दिलाने, तलाक के समय मुआवजा और मातृत्व अवकाश दिलाने के लिए सराहनीय कार्य किया। उन्होंने हमें माताओं-बहनों के लिए 'समान काम-समान वेतन' का दूरदृष्टि पूर्ण विचार दिया।



### लोकसभा और विधानसभा में सुनिश्चित होगा 33 प्रतिशत आरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब महिला सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे। महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए बाबा साहेब ने अपनी कुर्सी तक छोड़ दी थी। न्यूनतम मजदूरी, कंपनी लॉ और महिला श्रमिकों को अधिकार हमें बाबा साहेब की ही देन है। केन्द्र सरकार संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों पर चलते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय लेने जा रही है। आने वाले दिनों में लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को पूर्ण रूप से लागू करने पर चर्चा होगी, इससे माताओं-बहनों को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए डॉ. अम्बेडकर ने जो किया, इसके लिए देश उन्हें सदैव स्मरण करता रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने अनुयायियों संग सहभोज कर दिया समरसता का संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जन्मस्थली स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए अनुयायियों के साथ सहभोज कर सामाजिक समरसता का प्रेरक संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर देशभर से पधारे श्रद्धालुओं के साथ पंक्तिबद्ध बैठकर सह भोज किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का जीवन हमें समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंबेडकर जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में समरसता और एकता को सुदृढ़ करने का अवसर है। इस प्रकार का सहभोज समाज में भेदभाव मिटाने और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। हमें बाबा साहब अम्बेड़कर के सामाजिक समरसता के संदेश को जीवन में आत्मसात करना चाहिए।



## रील बनाते समय ट्रेलर से टकराए बाइकर्स, 3 की मौत

### दो की हालत नाजुक; मौके पर मिला गन लाइटर



**मऊगंज (एजेंसी)।** मऊगंज के पन्नी-पथरिया नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक, पल्सर 220 बाइक पर सवार तीन युवक मंगलवार सुबह करीब 11 बजे नेशनल हाईवे से गुजर रहे थे। युवक तेज रफ्तार में बाइक चला रहे थे। साथ ही मोबाइल पर रील बना रहे थे। इसी दौरान उनका ध्यान भटक गया और बाइक सीधे सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**एक ही ट्रेलर से टकराई दो बाइक-** हैरानी की बात यह है कि इस हादसे के ठीक बाद पीछे आ रही एक अन्य बाइक (टीवीएस अपाचे) भी अनियंत्रित हो गई। अपाचे पर सवार दो युवक भी उसी ट्रेलर से जा भिड़े। इस दूसरे हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें मऊगंज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मृतक से गन लाइटर मिला है

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रीना सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि मृतकों के पास से एक गन लाइटर भी मिला है। पुलिस ने ट्रेलर ट्रक को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**पुलिस पीछे थी...कार पलटी, शहडोल के कुएं में गिरे 3 तस्कर, मौत-** शहडोल के जैतपुर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस उनकी गाड़ी का पीछा कर रही थी। इसमें 6 लोग सवार थे। भागने के दौरान इनमें से कुछ कुएं में गिर पड़े। घटना सोमवार देर रात कामता तिराहे के पास हुई। मंगलवार सुबह पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीन लाशें बरामद कर ली हैं। बाकी कार सवारों की तलाश जारी है।

## जंगल में भटकता मिला ऑस्ट्रेलियाई युवक

### अंधेरे में अकेले देखकर पुलिस हैरान, बैग किसी को छूने नहीं दिया

**रतलाम (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले स्थित एक एक जंगल में ऑस्ट्रेलियाई युवक भटकते हुए मिला है। अंधेरे में भटकते विदेशी युवक को देखकर लोगों ने पुलिस की टीम को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम वहां पहुंचकर जांच शुरू कर दी। जंगल में ऑस्ट्रेलियाई युवक के होने की खबर सुनते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।



### रास्ता भटककर पहुंचा युवक

बताया जा रहा है कि सोमवार की रात बांगरोद जड़वासा रोड एक फॉरेन व्यक्ति रास्ता भटक कर आ गया है, बांगरोद पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर मौजूद। फॉरेन व्यक्ति को बांगरोद चौकी पर ले जाया गया। इसके बाद उसके दस्तावेजों की जांच की गई।

**युवक ने खुद को ऑस्ट्रेलिया का निवासी बताया-** रतलाम पुलिस की टीम युवक को वहां से सुरक्षित नामली थाना लेकर पहुंची। यहां पर युवक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया का रहने वाला है।

### राधे-राधे जपता रहा

वहीं, युवक इस दौरान राधे-राधे जपता रहा है। उसके शरीर पर भगवा कपड़े भी थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह भारत में धार्मिक यात्रा पर आया हुआ था। पुलिस ने दस्तावेजों का सत्यापन किया है।

एएसआई प्रदीप शर्मा ने कहा कि युवक के पास दिल्ली का टिकट मिला है। जांच के बाद हमारी टीम ने उसे रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं का होगा तेजी से सशक्तिकरण : मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला साबित होगा

**अनोखा तीर, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।




## 78 वर्षीय महिला का देहदान

### गार्ड ऑफ ऑनर के बीच अंतिम यात्रा, पार्थिव शरीर एम्स भोपाल भेजा





**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा जिले के ग्राम गहाल में 78 वर्षीय रामकुंवर बाई का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने जीवित रहते ही मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा की थी। उनके निधन के बाद परिवार ने देहदान की प्रक्रिया पूरी की।

अंतिम यात्रा से पहले उन्हें पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रामकुंवर बाई के बेटे अशोक खोदरे और बद्रीप्रसाद खोदरे ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जिला चिकित्सा अधिकारी एचपी सिंह और ग्राम पुकार फेडरेशन के उपाध्यक्ष मनोज बागरे के प्रयासों से डॉक्टरों की एक टीम गांव पहुंची। इसके बाद परिवार द्वारा देहदान की प्रक्रिया कराई गई। मंगलवार दोपहर 2 बजे गृह ग्राम गहाल में देहदान और अंतिम दर्शन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों, हजारों गणमान्य नागरिकों और रिश्तेदारों के साथ क्षेत्रीय विधायक आरके दोगने भी उपस्थित रहे। सभी ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रामकुंवर बाई अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। हालांकि, मृत्यु के बाद देहदान कर उन्होंने कई लोगों के जीवन में योगदान दिया। उनका पार्थिव शरीर भोपाल स्थित एम्स अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां इसका उपयोग चिकित्सा अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए किया जाएगा।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मौत

### मां के साथ पेट्रोल भराने जा रहे बेटे की जान गई

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुकरावद निवासी संतोष बघेल उम्र 48 अपनी मां सुशीला बाई के साथ बाइक से हरदा आ रहे थे। वे गांव के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने जा रहे थे। पंप पर मुड़ते समय मगरधा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से संतोष के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल सुशीला बाई ने बताया कि संतोष उनके चार बेटों में सबसे बड़ा था। उसके एक बेटी और एक बेटा है। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली में रहने वाली अपनी छोटी बहन की शादी के लिए कपड़े खरीदने हरदा जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है। स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली बाइक को पकड़कर पेट्रोल पंप पर खड़ा कर दिया है, जबकि बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

### रात के अंधेरे में जारी 'बोरिंग माफिया' का खेल

# अवैध नलकूप खनन पर प्रशासन की सख्ती बेअसर



**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में भू-जल संरक्षण के लिए प्रशासन द्वारा लागू किए गए सख्त प्रतिबंध जमीनी स्तर पर बेअसर साबित होते नजर आ रहे हैं। 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक निजी नलकूप और हैंडपंप खनन पर पूर्ण रोक के बावजूद अवैध बोरिंग का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। कलेक्टर के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए बोरिंग संचालक और एजेंट रात के अंधेरे में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

**रात में सक्रिय 'बोरिंग नेटवर्क'-** सूत्रों के अनुसार, बाहरी राज्यों से मशीनें मंगाकर स्थानीय एजेंटों के माध्यम से खेतों में अवैध नलकूप खनन किया जा रहा है। यह पूरा नेटवर्क रात के समय सक्रिय रहता है ताकि प्रशासन और पुलिस की नजरों से बचा जा सके।

### दो जगह कार्रवाई, मशीनें जब्त

हाल ही में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध बोरिंग पर शिकंजा कसा।

थाना छीपाबड़ क्षेत्र के ग्राम मुहाल में खेत में चल रही बोरिंग मशीन को मौके पर पकड़ा गया। वहीं सिराली थाना पुलिस ने ग्राम सुंदरपानी में खनन कर लौट रही मशीन को जब्त किया। जांच में सामने आया कि संचालकों के पास कोई वैध अनुमति या दस्तावेज नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने मशीनों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 200 रुपये प्रति फिट तक वसूली

जानकारी के मुताबिक, प्रतिबंध के बावजूद अवैध बोरिंग के लिए 200 रुपये प्रति फीट तक वसूली की जा रही है। इस मोटी कमाई के चलते यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह का अनियंत्रित खनन आने वाले समय में भू-जल स्तर को और नीचे धकेल सकता है, जिससे जिले में जल संकट गहरा सकता है।

### सख्ती जरूरी, वरना हालात बिगड़ेंगे

फिलहाल पुलिस की कार्रवाई एक चेतावनी जरूर है, लेकिन 'बोरिंग माफिया' पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए प्रशासन को लगातार सख्ती और प्रभावी निगरानी की जरूरत है। वरना प्रतिबंध सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

## सार-समाचार

### डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**अनोखा तीर, हरदा।** डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हरदा जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत हरदा जिले के ग्राम अबगांव खुर्द पंचायत की ग्राम सभा में वन स्टॉप सेंटर द्वारा दहेज निषेध प्रथा, महिला सुरक्षा, अधिकार एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की




केसवर्कर रीना बराह ने ग्रामीणों को बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के दुष्परिणामों तथा इसके कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी की जानकारी भी साझा की गई। इसके अतिरिक्त 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में संचालित नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान हब फॉर एम्पावरमेंट के अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं और वन स्टॉप सेंटर के तहत उपलब्ध सेवाओं जैसे परामर्श सहायता, विधिक सहायता, आश्रय सहायता, चिकित्सा सहायता एवं पुलिस सहायता के बारे में बताया गया। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच मंजू भाटिया, रोजगार सहायक राहुल देवहरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ उपस्थित रहा।

### 'गोरस मोबाइल ऐप' से पशुपालकों को मिलेगी जानकारी, बढ़ेगा दूध उत्पादन

**अनोखा तीर, हरदा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 'गोरस मोबाइल ऐप' विकसित किया गया है, जिससे पशुपालकों को वैज्ञानिक आधार पर पशुओं के आहार प्रबंधन की जानकारी मिल सकेगी। इससे पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा और दूध उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे पशुपालकों की आय बढ़ेगी। प्रदेश में बड़ी संख्या में गाय एवं भैंसों का पालन किया जा रहा है, लेकिन अधिकांश पशुपालक पारंपरिक तरीके अपनाते हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। इस ऐप के माध्यम से पशुपालक अपने पशु की जानकारी दर्ज कर संतुलित आहार की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह ऐप पशुओं के पोषण, गर्भधारण, दुग्ध उत्पादन आदि से संबंधित जानकारी देगा और संभावित लाभ-हानि का आकलन भी बताएगा। साथ ही नस्ल सुधार के सुझाव भी प्रदान करेगा। यह ऐप जल्द ही गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध होगा। पशुपालक इसे डाउनलोड कर आसानी से उपयोग कर सकेंगे। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमाकांत उमराव ने बताया कि यह ऐप सरल हिंदी भाषा में तैयार किया गया है, जिससे किसानों और पशुपालकों को आसानी से उपयोग में लाया जा सके।

### अंबेडकर जयंती पर विचारों और गतिविधियों से गूंजा परिसर

**अनोखा तीर, हरदा।** राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालयीन बालक छात्रावास हरदा में आज डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक शंभूदयाल पनागरे ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता और समानता के प्रतीक थे। उन्होंने मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में देश को एक मजबूत



संविधान प्रदान किया और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लें। कार्यक्रम में छात्रनायक विजय इवने एवं दुर्गेश तेकाम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। जयंती के उपलक्ष्य में छात्रावास स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन लालमन कुमरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पवन कलम द्वारा किया गया। अंत में सहभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी छात्रों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में छात्रावास के समस्त छात्र उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

वनोपज संग्रहण के दौरान सावधानी बरतें, वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

अनोखा तीर, हरदा। गर्मी के मौसम में वन्यजीवों के हमले की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। वनोपज संग्रहण करने वालों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वनमंडलाधिकारी सामान्य ने बताया कि गर्मी में पानी की तलाश में वन्यजीव घूमते रहते हैं, जिससे हमले का खतरा बढ़ जाता है। महुआ, तेंदूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज के संग्रहण के लिए ग्रामीण जंगलों में जाते हैं, जहां उनका सामना बाघ, तेंदुआ एवं अन्य वन्यजीवों से हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि लघु वनोपज संग्रहण के लिए समूह बनाकर जंगल में जाएं। साथ में डंडा, मोबाइल, टॉर्च, पानी जैसी आवश्यक सामग्री रखें। अंधेरे में जंगल में प्रवेश न करें तथा छोटे बच्चों को जंगल न ले जाएं। वनों में पेड़ों के नीचे सफाई या बीड़ी-सिगरेट पीने के लिए आग न लगाएं।

### छात्रावास में अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**अनोखा तीर, टिमरनी।** शासकीय अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक एवं आदिवासी महाविद्यालय पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास टिमरनी में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बीआर आंबेडकर के चित्र के



समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री निशा दुबे ने बाबा साहेब के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। प्रहलाद मालवीय अधीक्षक ने जयंती के अवसर पर अपने विचार रखे। अधीक्षक शिवप्रसाद धुर्वे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा कायदा मंडल अध्यक्ष सतीश इवने ने किया। अंत में आनंद सेलुकर ने आभार व्यक्त किया।

महिषासुरमर्दिनी माता मंदिर से निकाली कलश यात्रा

# चार शताब्दी पुराना है माता जी का मंदिर

अनोखा तीर हंडिया।

जिले के नर्मदांचल क्षेत्र में स्थित अति प्राचीन महिषासुरमर्दिनी माता मंदिर, जो लगभग चार शताब्दी पुराना बताया जाता है, आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस संबंध में कसेरा समाज अध्यक्ष मनोज मेहरबाल ने बताया कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है और यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कसेरा समाज के राजेश नायक ने बताया कि पहले यहां कसेरा मोहल्ला के नाम से वार्ड हुआ करता था, जहां तांबे और पीतल के बर्तन दूर-दूर तक प्रसिद्ध थे और जिनका उल्लेख इतिहास में भी मिलता है। चार शताब्दी पूर्व स्थापित यह देवी मंदिर पहले छोटे रूप में स्थित था, लेकिन समय के साथ सामाजिक बंधुओं ने इसके जीर्णोद्धार का कार्य कराते हुए इसका नवनिर्माण कराया। आज यह मंदिर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है और तीज-त्योहारों पर यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं। इसी क्रम में सोमवार को कसेरा समाज के सामाजिक बंधुओं द्वारा मंदिर के शिखर के कलश को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सामाजिक बंधुओं के साथ नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं महिला मंडल की भी सहभागिता रही। कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए ऋद्धनाथ मंदिर पहुंची, जहां दर्शन के पश्चात पुनः यात्रा का समापन महिषासुरमर्दिनी माता मंदिर में हुआ।





मौसम साफ होते ही झुलसाने लगी धूप, दोपहर में सुनसान हुई गलियां

# 39 डिग्री पर पहुंचा तापमान



अनोखा तीर, मसनगांव।

मौसम साफ होते ही सूरज के तीखे तेवर अब वैशाख की तपिश का एहसास कराने लगे हैं। दोपहर में पड़ रही तेज धूप के कारण गांव की गलियां सुनसान नजर आने लगी हैं। सुबह 11 बजे के बाद ही झुलसाने वाली गर्मी शुरू हो जाती है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। पिछले दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते कभी ठंडक तो कभी गर्मी का अहसास हो रहा था, लेकिन बीते दो-तीन दिनों से बादल छंटते ही तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है और गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।

**मूंग फसल को मिलेगा फायदा** - साफ मौसम और तेज धूप से गर्मी में बोई जाने वाली मूंग की फसल को लाभ मिलने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि पिछले दिनों बादलों के कारण फसल में रोग लगने की आशंका बढ़ गई थी, लेकिन अब तेज धूप से इन बीमारियों पर नियंत्रण संभव है। किसान नवीन भायरे के अनुसार मूंग की फसल को पर्याप्त धूप की जरूरत होती है, जो अब मिलने लगी है, इससे उत्पादन बेहतर होने की संभावना है।

**छांव की तलाश में पशु-पक्षी** - तेज गर्मी का असर सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। पशु-पक्षी भी छांव की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। मवेशियों के झुंड पेड़ों के नीचे आराम करते दिखाई दे रहे हैं, वहीं पालतू पशु भी गर्मी से परेशान हैं।

#### घटने लगा जल स्तर

गर्मी बढ़ने के साथ ही गांव में जलस्तर तेजी से नीचे जाने लगा है। कई घरों के ट्यूबवेल और हैंडपंपों का पानी कम होने लगा है। ग्रामीण सलीम शाह के अनुसार उनके घर का बोरिंग अब कम पानी दे रहा है, जिससे पेयजल की समस्या बनने लगी है। वहीं किसान बलराम मालवीय ने बताया कि खेतों में लगे ट्यूबवेलों का जलस्तर घटने से मूंग की सिंचाई प्रभावित हो रही है।

#### सूखने लगे कुएं

ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे कुएं, जिनमें सर्दियों तक पानी बना रहता था, इस बार गर्मी की शुरुआत में ही सूखने लगे हैं। इसका सीधा असर गांव के जलस्तर पर पड़ा है। यदि गर्मी का यही असर जारी रहा, तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों को नल-जल योजना पर अधिक निर्भर होना पड़ेगा।

## मर्दानपुर में बाबा साहब की 135वीं जयंती मनाई

**अनोखा तीर, मसनगांव।** खिरकिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मर्दानपुर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम में किया गया, जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के जिला महासचिव पूनम चंद घाटे ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर युग पुरुष थे,



जिन्होंने हमें समान अधिकार और आत्मसम्मान की राह दिखाई। आज हम शिक्षित हैं, संगठित हैं और संघर्ष कर पा रहे हैं, तो यह उनकी ही देन है। उन्होंने सभी से उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, शिक्षा और सम्मान का संदेश फैलाने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व जनपद सदस्य शिवदीन ढोके ने समाज में एकता और संगठित रहकर शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने तथा सभी को समान अधिकार दिलाने पर जोर दिया। पूर्व प्रधान पाठक रामोतार गुजरभोज ने महिलाओं के उत्थान पर अपने विचार रखे। हेमराज ढोके ने उच्च अध्ययन के दौरान आने वाली समस्याओं और उन्हें दूर कर आगे बढ़ने के बारे में बताया। कार्यक्रम में सुंदर चावड़ा ने 'बेटी पढ़ाओ' विषय पर कविता पाठ किया। इस अवसर पर ग्राम के ओम प्रकाश ढोके, ज्ञान चंद्र भैसार, रामराज गुजरभोज, ज्योति घाटे, अनिल ढोके, नीमा, प्रियेका नागले, हेमंत लखोरे, भूषण, अमरा बाई, कन्हैया सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सिनर्जी संस्थान के प्रयास से केलझिरी में मनाई अंबेडकर जयंती

#### बच्चों की शिक्षा पर फोकस

अनोखा तीर, रहटगांव।

ग्राम केलझिरी में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह और सामाजिक जागरूकता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन सिनर्जी संस्थान द्वारा टीडीएच के सहयोग से संचालित किशोर-किशोरी संसाधन केंद्र, रहटगांव के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर ग्राम केलझिरी में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित बैठक में गांव के समग्र विकास को लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। शिक्षा के विषय में सामने आया कि 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के कुछ बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा रहे हैं। इस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी वार्डों में बच्चों की सूची तैयार कर उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ने का निर्णय लिया।



बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए यह भी बताया गया कि कुछ किशोरियां आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ रही हैं। ऐसे में शिक्षित बनो के संदेश को आगे बढ़ाते हुए उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा में लाने तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश दिलाने की पहल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पंचायत भवन में प्रत्येक शनिवार अंबेडकर वाचन मंच आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे बच्चों में संविधान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। स्वास्थ्य संबंधी चर्चा में आशा कार्यकर्ता द्वारा टीकाकरण की स्थिति बताई गई, जिसमें कुछ बच्चों के अब भी आवश्यक टीकाकरण से वंचित होने की जानकारी सामने आई। इसे ध्यान में रखते हुए आगामी मंगलवार को विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पोषण के क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से अंडा और दूध वितरण को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया तथा मनरेगा के अंतर्गत कुछ परिवारों को किचन गार्डन के लिए बीज उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं स्वच्छता के मुद्दे पर नालियों के जाम होने और मच्छरों की बढ़ती समस्या को देखते हुए स्वस्थ गांव अभियान के तहत प्रत्येक रविवार श्रमदान करने का सामूहिक निर्णय लिया गया। समापन अवसर पर सिनर्जी संस्थान की ओर से रक्षा हिरवा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा, संघर्ष और संगठन के संदेश को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के समन्वय से ही गांव का सतत विकास संभव है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से मिलकर इन प्रयासों को सफल बनाने का आह्वान किया। अंत में उपस्थित सदस्यों ने अगले माह पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच सुनील साँठे, सचिव ज्ञानदेव माणिक, उप सरपंच गोविंद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चट्टान सिंह, वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजेश, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदमा ठाकुर, आशा कार्यकर्ता सुगनती बाई सहित वार्ड सदस्य एवं ग्राम के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस की संविधान लीडरशिप प्रोग्राम बैठक संपन्न

### सोशल मीडिया को बताया लोकतंत्र का पांचवां स्तंभ

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला कांग्रेस कार्यालय हरदा में आज भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेश साहू के मुख्य आतिथ्य में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र संविधान लीडरशिप प्रोग्राम रहा, जिसमें युवाओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने और आधुनिक दौर की चुनौतियों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेश साहू ने युवाओं को राजनीति में वैचारिक स्पष्टता और संवाद की अहमियत समझाई। उन्होंने प्रोग्राम के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर अपनी बात पहुँचाने के लिए वैकल्पिक माध्यमों का सहारा लेना जरूरी है।

**लोकतंत्र का पांचवां स्तंभ : उन्होंने सोशल मीडिया और बहुजन डिजिटल आवाज को लोकतंत्र के पांचवें स्तंभ के रूप में परिभाषित किया। -** वैचारिक संवाद : युवाओं को संविधान की रक्षा और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय नेतृत्व ने भी युवाओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में मुख्य रूप से मोहन सांई जिला कांग्रेस अध्यक्ष, डॉ. रामकिशोर दोगने विधायक, हरदा, आदित्य गार्गव जिला प्रवक्ता, योगेश चौहान जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और युवा साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं ने संविधान की रक्षा और संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया।

### भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज

**अनोखा तीर, भोपाल।** भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज बुधवार 15 अप्रैल को आयोजित होगा। भारतीय शिक्षण मंडल मध्य भारत प्रांत भोपाल महानगर द्वारा शिक्षा में संस्कार, राष्ट्र निर्माण का आधार विषय पर न्यू मार्केट स्थित अपेक्स बैंक के समन्वय भवन में प्रातः 11 बजे से यह आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद राजपूत होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानन्द विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ. संजय पाठक होंगे। संगठन के स्थापना दिवस पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में भारतीय शिक्षण मंडल मध्य भारत प्रांत के भोपाल महानगर द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कुलगुरु, शिक्षक, विद्यार्थी, युवा, मातृशक्ति सहित विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान उपस्थित रहेंगे।

### धूमधाम से मनाई सेन जयंती, निकाली विशाल शोभायात्रा





**अनोखा तीर, धौलपुर कला।** सर्वसेन समाज टिमरनी द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के प्राचीन शंकर मंदिर से प्रारंभ हुई, जहां समाज के लोगों ने भगवा ध्वज लहराकर इसका शुभारंभ किया। शोभायात्रा गांधी चौक, शीतला माता मंदिर, सूर्या टावर, वैष्णो देवी दरबार, न्यू मार्केट, बस स्टैंड चौराहा होते हुए रहटगांव रोड पहुंची, जहां बाबा रामदेव सेवा समिति द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई यादव मैरिज गार्डन पहुंची। शोभायात्रा में बैंड-बाजे एवं डीजे के साथ सेन जी महाराज की सजी-धजी तस्वीर आकर्षण का केंद्र रही। सेन समाज के पुरुष एवं युवा पीले कुर्ते-पजामे में नजर आए, वहीं महिलाएं भी पीली साड़ी पहनकर बड़ी संख्या में शामिल हुईं। शोभायात्रा का समापन यादव मैरिज गार्डन में महाआरती के साथ हुआ। नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान सेन समाज की युवा टीम के अध्यक्ष राजकुमार देवड़ा, उपाध्यक्ष राहुल मालवीय, प्रकाश देवड़ा एवं सचिव जगदीश मालवीय द्वारा विभिन्न गांवों से आए समाज के वरिष्ठ जनों एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सेन समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपी की जेल में मौत

अनोखा तीर, हरदा। हरदा जिला जेल में हत्या के मामले में पिछले 10 महीनों से बंद 30 वर्षीय कैदी नागेश मलाजपुरे की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जेल प्रशासन के अनुसार, सोमवार रात करीब 9.30 बजे तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, मृतक के परिजनों ने जेल में मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वर्तमान में सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और मंगलवार सुबह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे की जेल में हत्या की गई है। उन्होंने आशंका जताई कि नागेश के साथ जेल में मारपीट हुई, जिससे उसकी मौत हुई। उन्होंने बताया कि नागेश उनका इकलौता बेटा था और उसके 9 व 6 साल के दो छोटे बेटे हैं। पिता ने बताया कि गुरुवार को नागेश की मां उससे जेल में मिलने गई थीं, तब उसने किसी तरह की तकलीफ नहीं बताई थी। शनिवार को भी परिवार के सदस्यों ने फोन पर बात की थी, तब भी नागेश ने स्वस्थ होने की बात कही थी। सोमवार रात करीब 11 बजे उन्हें बेटे की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली, लेकिन जब वे अस्पताल पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि नागेश मलाजपुरे 29 जून को हुए हत्याकांड के मामले में आरोपी था और गत 3 जुलाई से जिला जेल में बंद था। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में मृतक के शव का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराकर पीएम कराया गया।

## सार-समाचार

### अग्नि दुर्घटना पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**अनोखा तीर, हरदा।** टिमरनी विकासखंड की तहसील रहटगांव के वनांचल ग्राम बड़झिरी में शनिवार को अचानक आग लगने से 8 परिवारों के बसे-बसाए घर जल गए। आगजनी की इस दुखद घटना में परिवारों के पास तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ नहीं बचा। घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए



तथा खाद्यान्न, कपड़े और बर्तन भी आग में नष्ट हो गए। इस दुखद घटना से आहत होकर अनुविभागीय अधिकारी टिमरनी संजीव कुमार नागु ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए पीड़ित परिवारों को तात्कालिक सहायता के रूप में खाद्यान्न, बिस्तर एवं कपड़ों की व्यवस्था कर उनके बीच पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। साथ ही सहायता स्वरूप महिलाओं को साड़ी, पेटीकोट, ब्लाउज एवं पुरुषों को धोती, बिछाने की दरियां, ओढ़ने के कंबल तथा अनाज, आटा, गेहूं, दाल, चावल, तेल, मिर्च व नमक-मसालों की खाद्यान्न किट प्रदान की गई। इस दौरान शासकीय अनुदान आरबीसी 6(4) के तहत स्वीकृति हेतु आश्वस्त किया गया।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में अंबेडकर जयंती समारोह संपन्न

**अनोखा तीर, हरदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, पूर्व मंत्री कमल पटेल, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत






उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी संघ हरीश कौशल, जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व छात्र उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष की जयंती के अवसर पर एकत्रित हुए हैं, जिन्हें देश का संविधान निर्माता कहा जाता है। उन्होंने सभी को जयंती की शुभकामनाएं दीं। विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर सभी को समान अधिकार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को शिक्षित करना था और हमें उनके इस उद्देश्य को पूरा करना है। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि डॉ. आंबेडकर में बचपन से ही कुछ कर दिखाने का जज्बा था। उन्होंने छुआछूत मिटाने के लिए शिक्षा को माध्यम बनाया और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश तक गए। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में आरती पिता राजेश राठौर 98 प्रतिशत और रवि चौहान पिता जियालाल 86 प्रतिशत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत प्रियंका पति लक्की सोलंकी, सोडलपुर तथा जिला अंत्यावसायी निगम की डॉ.भीमराव आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत धीरज पिता शोभाराम, बीड़ को एक लाख का ऋण बैंक ऑफ इंडिया मसनगांव से 'किराना व्यवसाय' हेतु तथा संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत अर्जुन पिता भिक्कू, हरदा को 12.50 लाख का ऋण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हरदा से 'बोलेरो लोडिंग वाहन' के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। अंत में जिला संयोजक पारूल जैन ने आभार व्यक्त किया।

## खाटू श्याम बाबा का सजा दरबार, देर रात तक गूंजती रही भजन संध्या





**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के रहटगांव रोड स्थित इंदिरा कॉलोनी में सोमवार रात्रि को खाटू श्याम बाबा की विशाल भजन संध्या एवं कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सोनू संतोष भाटी द्वारा रखा गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भजन संध्या का आनंद लेने पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 9 बजे विधिवत पूजा-अर्चना एवं ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद भजन संध्या का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात लगभग 3 बजे तक निरंतर चलता रहा। इस अवसर पर शाजापुर के भजन गायक देवेंद्र मेवाड़ा एवं पाली (राजस्थान) की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सोनू सिसोदिया ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कीर्तन की है रात, बाबा आज थाने आनो है जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। भजन संध्या के दौरान भगवान गणेश, हनुमान जी, रनू बाई, गुरु महाराज, खाटू श्याम बाबा, रामदेव बाबा एवं सांवरिया सेठ के सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। पूरे आयोजन के दौरान इत्र वर्षा एवं पुष्प वर्षा होती रही, जिससे वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बना रहा। भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बाबा का भव्य दरबार रहा, जिसे देवास से आए श्याम भक्त द्वारा आकर्षक रूप से सजाया गया था। गुलाब सहित विभिन्न फूलों से सजा यह दरबार अत्यंत मनमोहक और अलौकिक प्रतीत हो रहा था। कार्यक्रम में बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की मिठाइयों का भोग लगाया गया। भजन संध्या के समापन पर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु खाटू श्याम बाबा की जय के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

# युवाओं की पहल से जागा जनचेतना का प्रकाश

- **स्वच्छता, शिक्षा और संविधान पर सशक्त अभियान**

**अनोखा तीर, हरदा।**

सिनर्जी संस्था के युवालय कार्यक्रम अंतर्गत 12, 13 एवं 14 अप्रैल को आयोजित त्रि-दिवसीय जनजागरूकता अभियान ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त मिसाल प्रस्तुत की। अभियान के प्रथम चरण में अजनाल नदी एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस पहल ने यह दर्शाया कि युवा केवल सोचते ही नहीं, बल्कि स्वयं आगे बढ़कर बदलाव लाने का कार्य भी करते हैं। द्वितीय चरण में बड़ी नहर एवं विकास नगर क्षेत्र में शिक्षा के महत्व को लेकर नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया। युवाओं ने अपने अभिनय के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि शिक्षा ही एक सशक्त और विकसित भविष्य की कुंजी है। 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर युवाओं ने अंबेडकर चौक पहुंचकर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।





तत्पश्चात युवालय केंद्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नृत्य, ओजपूर्ण भाषण एवं प्रश्न मंच के माध्यम से युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकरण से जवाहर पारे, अनीस मोहम्मद खान एवं अंतिमा चोलकर की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अनीस मोहम्मद खान द्वारा संविधान में निहित अधिकारों एवं जिला विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। वहीं जवाहर पारे ने युवाओं को बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, मोबाइल के दुरुपयोग एवं अपराध जैसी चुनौतियों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंतिमा चोलकर ने युवाओं के साथ संवाद करते हुए शिक्षा एवं करियर के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उनके सपनों और लक्ष्यों को समझने का प्रयास किया, जिससे वे अपने भविष्य के प्रति अधिक सजग बन सकें। कार्यक्रम में 50 से अधिक युवा शामिल हुए, जो हरदा जिले एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए थे। युवाओं की सक्रिय सहभागिता और उत्साह ने इस अभियान को सफल एवं प्रेरणादायक बनाया। इस अभियान ने युवाओं की जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाया, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है।

## कांग्रेस ने हर्षोल्लास के साथ मनाई अंबेडकर जयंती

**अनोखा तीर, हरदा।** भारतीय संविधान के शिल्पी और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे स्थानीय अंबेडकर चौक पर हुई, जहां जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। उपस्थित नेताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अमर रहें के नारों के साथ उनके योगदान को याद किया। माल्यार्पण के पश्चात दोपहर 2 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक एवं संगोष्ठी का



आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, उनके क्रांतिकारी विचारों और वर्तमान परिदृश्य में भारतीय संविधान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन सांई जिला कांग्रेस अध्यक्ष, डॉ. रामकिशोर दोगने विधायक, हरदा, हेमंत टाले राष्ट्रीय सलाहकार, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, गोविंद सूरमा जिला संगठन महासचिव, गोविंद व्यास ब्लॉक अध्यक्ष हरदा, विनोद पटेल ब्लाक अध्यक्ष टिमरनी, वरिष्ठ नेता रामचरण शिंदे, दिनेश यादव, आशुतोष कोठारी खिरकिया शहर अध्यक्ष, हरिमोहन शर्मा, कैलाश चतुर्वेदी, वी.के. दीक्षित, गोरेलाल सिसोदिया, राघवेंद्र पारे, राकेश सूरमा, संजय पांडे, संदीप गौर और जीशान खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष मोहन सांई ने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कांग्रेसजनों से अपील की कि वे भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर संवैधानिक मूल्यों के संवर्धन के लिए कार्य करें और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को न्याय दिलाने के संकल्प को दोहराएं।

## कौशल विकास शिविर 15 से 20 अप्रैल तक

**अनोखा तीर, हरदा।** बच्चों में साहित्य, कला तथा संभाषण के प्रति रुचि और कौशल जागृत करने हेतु प्रेम शंकर रघुवंशी फ़ाउंडेशन द्वारा 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सीएम श्री शासकीय विद्यालय करताना में छात्र-छात्राओं के लिए कौशल विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। फ़ाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष डॉ.विनीता रघुवंशी ने बताया कि इस 6 दिवसीय शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा संभाषण, शुद्ध हिन्दी पाठ, वाद-विवाद, मंच संचालन, उच्चारण संतुलन, भाषण कला, कविता लेखन और कहानी लेखन जैसी विधाओं में मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। फ़ाउंडेशन की ओर से ज्ञानेश चौबे ने बताया कि प्रतिदिन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार दिया जाएगा तथा लगातार 6 दिन तक उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# सामाजिक समरसता की मिसाल

**-ग्राहक पंचायत ने कोतवाली चौक पर दी श्रद्धांजलि**

**अनोखा तीर, हरदा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला हरदा इकाई के नेतृत्व में मंगलवार को शहर में सामाजिक समरसता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। सभी समाज के वरिष्ठ एवं प्रमुखजनों ने एकजुट होकर स्थानीय कोतवाली चौक पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुटता और भाईचारे का संदेश देते हुए समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में गरिमामय वातावरण बना रहा और सभी ने मिलकर बाबा साहेब को



नमन किया। इस अवसर पर ग्राहक पंचायत हरदा से जौहरी कमल सोनी, अशोक पाराशर, नर्मदा प्रसाद गौर, जगदीश विश्वकर्मा, बहन सुरेंद्र कौर, मदनलाल सोनी, मोहनलाल सोनी, विनोद चौहान, निशांत राजपूत, जितेंद्र खनूजा, रामशंकर बुनकर, रितेश भावसार, ओमप्रकाश जाट, ठाकुरलाल हूरमाले, दयाराम विश्वकर्मा, प्रहलाद नागवे, रामगोविन्द मोरछाले, श्रवण गिनारे, सुमित बेस एवं सुशील गुहा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सामाजिक एकता और समरसता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है, जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# हर्षोल्लास से मनाई सेन महाराज की जयंती, निकाली शोभायात्रा








**अनोखा तीर, हरदा।**

मंगलवार को संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन-पूजन और महाआरती से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम को नेहरू पार्क से एक शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अजनाल नदी तट स्थित गुप्तेश्वर मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा आगे बढ़ी। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठान बंद रखे गए। समारोह के दौरान समाज के बुजुर्गों को शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद उपस्थित जनसमूह के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। बारबर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक तंवर ने संत सेन महाराज के जीवन और शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भक्तमाल के टीकाकार प्रियदास और अगस्त संहिता के अनुसार, संत सेन महाराज का जन्म विक्रम संवत 1357 में वैशाख कृष्ण द्वादशी को मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ में हुआ था। बचपन में उनका नाम नंदा था। दीपक तंवर ने बताया कि उनके पिता मुकुंद राय, माता जीवनी और पत्नी का नाम सुलखनी था। संत सेन महाराज बचपन से ही विनम्र, दयालु और ईश्वर में आस्था रखने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने 1440 ईस्वी में देह त्याग किया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को प्रेरित करती हैं।


**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
**कार्यालय, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा (म.प्र.)**
NAAC द्वारा बी ग्रेड में मूल्यांकित
महाविद्यालय कोड : 3207

कार्यालय 07577-222048 Email ID hegaacchar@mp.gov.in

दिनांक 04/04/2026

**निविदा आमंत्रण**

सत्र 2026-27 में महाविद्यालय में उपयोग हेतु निम्न सामग्री निर्माताओं/विक्रेताओं से बंद लिफाफे में निविदायें दिनांक 18/04/2026 तक आमंत्रित की जाती है।

1. ईन्वर्टर 1500 वॉट
2. ईन्वर्टर हेतु बैट्री 150 वाट
3. कूलर - छोटा, मध्यम, बड़ा आकार

उपरोक्त सामग्री के लिये निविदा निम्नलिखित शर्तों पर की जाती है :-

1. सभी वस्तुयें उच्च गुणवत्तापूर्ण, प्रतिष्ठित कंपनी/निर्माता की होनी चाहिये।
2. निर्माताओं/विक्रेताओं के पास फर्म का पंजीयन, आयकर नंबर, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं अन्य औपचारिकतायें होना आवश्यक है।
3. सामग्री की गैरंटी/वारंटी की समय-सीमा का उल्लेख हो तथा उपयुक्त/उपयोगी नहीं होने पर या खराब होने पर वापसी का भी उल्लेख करना आवश्यक होगा।
4. सामग्री के प्रदान हेतु एफओआर स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा रहेगा।
5. देयक पर फर्म का नाम, बैंक का खाता क्र. एवं आईएफएससी कोड स्पष्ट अंकित होना आवश्यक है।
6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का संपूर्ण प्राधिकार प्राचार्य का होगा।
7. निर्धारित दिनांक के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

(डॉ. संगीता बिले)
प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला-हरदा (म.प्र.)

जी-11538/26

● "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

नगर के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ तथा रेलवे गेट के दोनों तरफ छांव की व्यवस्था करने की मांग

# नवनियुक्त एल्डरमैन हर्षिता विनय राजपूत ने सीएमओ से की मांग



**अनोखा तीर, खिरकिया।** स्थानीय नगर परिषद की नवनियुक्त एल्डरमैन एवं भाजपा नेत्री हर्षिता विनय राजपूत ने जनहित के मद्देनजर सीएमओ के समक्ष दो प्रमुख मांग रखी है। उन्होंने कहा है कि बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए राहगीरों की सुविधा के लिए खिरकिया एवं छीपाबड़ के सभी प्रमुख स्थानों एवं चौक-चौराहे पर पीने के पानी के लिए अस्थाई प्याऊ स्थापित करें। ताकि राहगीर सहित अन्य लोगों को गर्मी में पीने का पानी उपलब्ध हो सके। एल्डरमैन श्रीमती राजपूत ने कहा कि नगर के बाजार क्षेत्र सहित मेन रोड एवं चौक-चौराहों पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में राहगीरों का आवागमन होता है। परंतु पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानी होती है। इसलिए नगर परिषद द्वारा प्रमुख स्थानों पर अस्थायी प्याऊ प्रारंभ करना जरूरी है। जिससे लोगों को पीने का ठंडा पानी मिल सकें। एल्डरमैन श्रीमती राजपूत ने नगर परिषद के सीएमओ से रेलवे गेट के दोनों तरफ छावं की व्यवस्था करने की मांग भी है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद के द्वारा हर वर्ष नगर के रेलवे गेट के दोनों तेज धूप एवं गर्मी के बचाव के लिए छांव की व्यवस्था की जाती है। जिससे रेलवे गेट बंद होने के दौरान दोनों तरफ खड़े हुए नागरिकों को राहत मिलती है। परंतु अभी तक नगर परिषद ने छांव की व्यस्था नहीं की है। तेज धूप को देखते हुए जल्द ही छांव की व्यवस्था की जाना आवश्यक है। ताकि गर्मी से नगरीय क्षेत्र के अलावा बाहरी लोगों को भी राहत मिले।

## कांग्रेस मंडलम ने हर्षोल्लास के साथ मनाई अंबेडकर जयंती



**अनोखा तीर, टिमरनी।** नगर में आज कांग्रेस मंडलम द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया गया, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष जितेंद्र सोनकिया ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रासंगिक है। वहीं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष शैंकी उपाध्याय एवं वरिष्ठ कांग्रेसी राजू अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही प्रकाश चाचरे, पार्षद हीरा घुरे, राजेश नाथ, अजय राजगुरे, गिरीश घुरे, पिंटू चौहान, शिवम कनोजिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

(व्यंग्य)

# भाड़े की भीड़ में यू ट्यूबरों की दुकान



-डॉ. सुधाकर आशावादी

भारतीय लोकतंत्र में अफ़वाहों के आधार पर नित्य ही कहीं न कहीं भीड़ जुटती है, तदुपरांत वह किसी सार्वजनिक स्थल पर धरना प्रदर्शन करने लगती है। उसके हाथों में न जाने कहाँ से विरोध पट्टिकाएँ आ जाती हैं। कुछ बैनर भी नमूदार होते हैं। भीड़ ये नहीं जानती, कि वह किस उद्देश्य से एकत्रित है।

ऐसी भीड़ में कुछ यू ट्यूबर अपने अपने मोबाइलों के कैमरे चालू करके जीवंत प्रसारण करने लगते हैं। बरसों तक समाचार चैनलों के किए कवरेज करने के बाद हटाए गए निराश हताश और कुंठित पत्रकार भी हाथों में माइक लेकर आ धमकते हैं। उनके भी अपने विमर्श तय हैं, कि उन्हें

**उन्हें अपने किस सहयोग कर्ता अपनी सेवाओं से प्रसन्न करना है और किस किस के विरुद्ध अफवाहों का प्रसारण करके अपने आकाओं से उपहार प्राप्त करने हैं। उनकी देखा देखी कुछ नए लोग भी इस धंधे में उतरते हैं तथा अपने निजी यू ट्यूब चैनल चलाने वालों का अनुसरण करते हैं।**

समाज को क्या दिखाना है और क्या छिपाना है। उन्हें अपने किस सहयोग कर्ता अपनी सेवाओं से प्रसन्न करना है और किस किस के विरुद्ध अफवाहों का प्रसारण करके अपने आकाओं से उपहार प्राप्त करने हैं। उनकी देखा देखी कुछ नए लोग भी इस धंधे में उतरते हैं तथा अपने निजी यू ट्यूब चैनल चलाने वालों का अनुसरण करते हैं। उन्हें भी नाच मेरी बुलबुल की तर्ज पर पत्रकारिता ढोनी है। उन्हें न किसी आँगन को टेढ़ा देखना है और न ही नृत्य के लिए उपयोगी उपकरणों की जरुरत महसूस करनी है। उन्हें केवल भीड़ में घुसकर भीड़ का हिस्सा बनना है और भीड़ से अपने मनमुताबिक सवाल करके मन मुताबिक उत्तर प्राप्त करने हैं। यदि कोई उत्तर बुलबुल के मन मुताबिक़ न मिले, तो संपादन करते समय उस उत्तर दाता के जवाब को ही डिलीट करना उनकी मजबूरी बन जाती है।

यह यू ट्यूबर की इच्छा पर निर्भर रहता है कि वह क्या देखना चाहता है और क्या दिखाना चाहता है। कई बार दिल्ली के जंतर मंतर पर ऐसे ही नज़ारे देखने में आते हैं, कि जब कुछ यू ट्यूबर आपस में ही भिड़ जाते हैं। एक दूसरे को नंगा करने पर उतारू हो जाते हैं। इसके पीछे भी नमक का कर्ज अदा करने की मजबूरी होती है। अपने आका को खुश करने की भावना होती है, कि आका खुश हुआ तो यू ट्यूबर का धंधा चलेगा, आका शाबाशी देगा, तो यू ट्यूबर भी खुश होगा। भीड़ का काम ही भेड़ जैसा आचरण अपनाना है और यू ट्यूबर का काम अपने चैनल के माध्यम से भीड़ को उकसाना है। भीड़ सत्य को नही जानती, न वह सत्य को जानना चाहती है। उसे विरोध की वजह से कोई सरोकार नही होता। भीड़ में किसी की व्यक्तिगत पहचान नही होती। वह किराए पर जुटाई जा सकती है। भीड़ भोली होती है, भीड़ नादान होती है। कई बार वह सच भी उगल देती है। वह बता देती है, कि उसे भाड़े पर लाया गया है। वह न विरोध का कारण जानती है और न ही समर्थन का। भीड़ की कोई गलती नही होती। उसकी केवल दिहाड़ी पक्की होनी चाहिए, क्योंकि भीड़ जानती है, कि उसके वजूद पर ही आंदोलन का वजूद जिंदा है। उसके वजूद से ही यू ट्यूबर की दुकान चलती है। सो भीड़ का अभिनंदन वंदन किया ही जाना चाहिए।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

# प्रधानमंत्री मोदी का महत्वाकांक्षी मिशन

**महिला आरक्षण का मुद्दा भारतीय राजनीति के गलियारों में पिछले कई दशकों से गूंजता रहा है, कई बार प्रयास हुए और कई बार राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में वे प्रयास विफल हो गए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह सिद्ध कर दिया कि जहां दृढ़ संकल्प होता है, वहां मार्ग स्वयं प्रशस्त हो जाता है। संसद के विशेष सत्र में इस दिशा में उठाए जाने वाले कदम इस बात की पुष्टि करते हैं कि सरकार इस ऐतिहासिक सुधार को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए आतुर है। मेरी दृष्टि में यह केवल एक चुनावी घोषणा नहीं है, बल्कि पिछले दस वर्षों में महिला कल्याण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की एक तार्किक परिणति है।**



-डॉ. राघवेंद्र शर्मा

भारत की विकास यात्रा में आज एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय लिखा जा रहा है जहां राष्ट्र की आधी आबादी अब केवल चर्चाओं का विषय नहीं, बल्कि नीति-निर्धारण की मुख्यधारा का अनिवार्य हिस्सा बनने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के जिस संकल्प को सिद्ध करने का बीड़ा उठाया है, वह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक युगांतरकारी घटना है। आगामी 2029 के आम चुनाव से इस अधिनियम को लागू करने की मंशा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान सरकार महिलाओं के प्रति केवल सहानुभूति नहीं रखती, बल्कि उन्हें वास्तविक राजनीतिक शक्ति सौंपने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का यह निर्णय उस अटूट विश्वास का प्रतीक है कि जब देश की बेटियां विधायी प्रक्रियाओं का नेतृत्व करेंगी, तभी भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में पूर्णता प्राप्त कर सकेगा। भाजपा सरकार की यह पहल केवल एक कानूनी बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस रूढ़िवादी सोच पर प्रहार है जिसने दशकों तक महिलाओं को निर्णय लेने वाली मेजों से दूर रखा।

महिला आरक्षण का मुद्दा भारतीय राजनीति के गलियारों में पिछले कई दशकों से गूंजता रहा है, कई बार प्रयास हुए और कई बार राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में वे प्रयास विफल हो गए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह सिद्ध कर दिया कि जहां दृढ़ संकल्प होता है, वहां मार्ग स्वयं प्रशस्त हो जाता है। संसद के विशेष सत्र में इस दिशा में उठाए जाने वाले कदम इस बात की पुष्टि करते हैं कि सरकार इस ऐतिहासिक सुधार को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए आतुर है। मेरी दृष्टि में यह केवल एक चुनावी घोषणा नहीं है, बल्कि पिछले दस वर्षों में महिला कल्याण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की एक तार्किक परिणति है।



यदि हम पीछे मुड़कर देखें, तो पाएंगे कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के प्रथम दिन से ही महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की धुरी माना है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने समाज की मानसिकता को बदलने का जो महती कार्य किया, उसका परिणाम आज लिंगानुपात में आए सुधार और बालिकाओं की शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता के रूप में दिखाई देता है। इसी प्रकार, सुकन्या समृद्धि योजना ने करोड़ों बेटियों के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है, जिससे वे अपनी उच्च शिक्षा और सपनों को बिना किसी बाधा के पूरा कर सकें। ग्रामीण भारत की महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली उज्ज्वला योजना का उल्लेख किए बिना महिला सशक्तिकरण की चर्चा अधूरी है। धुएं से भरे रसोईघर से मुक्ति दिलाकर करोड़ों माताओं-बहनों को सम्मानजनक और स्वस्थ जीवन देना इस सरकार की संवेदनशीलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का सुरक्षा चक्र मजबूत किया गया, तो वहीं पीएम मातृ वंदना योजना ने कामकाजी महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आर्थिक संबल प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखा। माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन ने यह सुनिश्चित किया कि धन के अभाव में किसी बेटी की पढ़ाई न छूटे। इन तमाम योजनाओं की सफलता यह दर्शाती है कि भाजपा सरकार ने सदैव महिलाओं की जमीनी समस्याओं को समझा और उनका समाधान निकाला। अब राजनीतिक भागीदारी की दिशा में उठाया गया यह 33 प्रतिशत आरक्षण का कदम इसी श्रृंखला की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। हाल ही में देशभर की महिला प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक ने इस विश्वास को और प्रगाढ़ किया है कि सरकार महिलाओं के सुझावों और उनकी आकांक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस बैठक में प्रधानमंत्री का आत्मविश्वास और महिलाओं के प्रति उनका सम्मान यह दर्शाता है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कागजी दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी का एक पवित्र घोषणापत्र है। इस अधिनियम के लागू होने से न केवल संसद की बनावट बदलेगी, बल्कि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में एक नया दृष्टिकोण, संवेदनशीलता और समावेशिता आएगी। यह आरक्षण महिलाओं को वह मंच प्रदान करेगा जहां वे अपनी समस्याओं और देश की चुनौतियों पर अपनी विशिष्ट दृष्टि से निर्णय ले सकेंगी। विपक्ष की तमाम बयानबाजियों और दशकों की टालमटोल के विपरीत, मोदी सरकार ने जिस तरह से इस जटिल कार्य को अंजाम देने का साहस दिखाया है, उसकी जितनी सराहना की जाए कम है। यह संकल्प से सिद्धि की वह यात्रा है जिसे आने वाली पीढ़ियां भारत के पुनरुत्थान के रूप में याद रखेंगी। देश की आधी आबादी आज यह अनुभव कर रही है कि उनके पास एक ऐसा नेतृत्व है जो उनके हितों की रक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़ा है। 2029 का चुनाव केवल एक सामान्य निर्वाचन नहीं होगा, बल्कि वह भारतीय लोकतंत्र के एक नए युग का उदय होगा जहाँ नारी शक्ति अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त करेगी। भाजपा सरकार ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह महिलाओं के हित में केवल सोचती नहीं है, बल्कि धरातल पर ठोस कार्य करके उनके जीवन को बदलने का सामर्थ्य भी रखती है। भारत की स्त्रियां अब केवल मतदाता नहीं, बल्कि देश की नियति तय करने वाली नायिकाएं बनने जा रही हैं और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की उस दूरगामी सोच को जाता है जिसने नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति का पर्याय बना दिया है। आने वाले समय में जब विधानसभाओं और संसद के गलियारे महिलाओं की उपस्थिति से रोशन होंगे, तब भारत का लोकतंत्र अपनी सार्थकता को नए आयामों पर सिद्ध करेगा और यह सुनिश्चित होगा कि एक विकसित भारत का सपना अब दूर नहीं है। देश की करोड़ों महिलाओं का अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री का संकल्प मिलकर एक ऐसे भारत की नींव रख रहे हैं जहाँ समानता केवल संविधान के पन्नों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में जीवंत रूप में दिखाई देगी।

इसमें शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कुलगुरु, शिक्षक, विद्यार्थी, युवा, मातृशक्ति सहित विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान उपस्थित रहेंगे।

## परीक्षा परिणाम और विद्यार्थी



दोनों ही परिस्थितियों में
मन पर काबू रखना होगा।
जीत मिले या हार मिले,
सहर्ष स्वीकार करना होगा।

जीत मिले तो धैर्य रखना,
हार मिले तो हिम्मत रखना।
जीत मिले तो आगे बढ़ना,
हार मिले तो फिर से लड़ना।
आगे बढ़कर लड़ने का
संघर्ष शेष करना होगा।
जीत मिले या हार मिले,
सहर्ष स्वीकार करना होगा।
परिणाम पक्ष में न हो तो
कोई बहुत बड़ी यह बात नहीं।
फिर से सूरज निकलेगा,
इतनी भी लंबी रात नहीं।
बस नई सुबह तक फिर तुमको
एक बार और चलना होगा।
जीत मिले या हार मिले,
सहर्ष स्वीकार करना होगा।
लंबी-गहरी सांस भरो,
अपने ईश्वर को याद करो।
मन करे तो मनभर रो लेना,
पर गलत कदम न उठा लेना।
परिणाम परीक्षा का जो हो,
हे वीर ! धैर्य रखना होगा।
जीत मिले या हार मिले,
सहर्ष स्वीकार करना होगा।
साहस भी है, हिम्मत भी है,
हौसला तुम्हारा बाकी है।
यह समझो अभी समय नहीं था,
एक और परीक्षा बाकी है।
मनचाहा परिणाम मिलेगा,
एक बार पुनः लड़ना होगा।
जीत मिले या हार मिले,
सहर्ष स्वीकार करना होगा।
देखा है हारने वाला जो भी
नई ऊर्जा के साथ उठा है,
बना हार को ताकत अपनी,
जीवन भर फिर नहीं रुका है।
लेकर दृढ़ संकल्प, सखा,
कुछ और कदम चलना होगा।
जीत मिले या हार मिले,
सहर्ष स्वीकार करना होगा।

- जी.पी. गौर, महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरदा

'बजट क्वेस्ट 2026' के द्वितीय दिवस का सफल आयोजन

# 'मेरा युवा भारत' का मंच युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करता: केंद्रीय खेलमंत्री मंडाविया




**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित 'मेरा युवा भारत' कार्यक्रम के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर 'बजट क्वेस्ट 2026' का सफल एवं प्रभावी आयोजन एलएनसीटी कॉलेज, भोपाल में संपन्न हुआ। इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश की आर्थिक नीतियों, बजट प्रक्रिया एवं समावेशी विकास के विभिन्न आयामों से अवगत कराना रहा।

**शुभारंभ मंत्री विश्वास सारंग ने दीप प्रज्वलन कर किया** - कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे के साथ-साथ श्री किशन सिंह सूर्यवंशी जी, नगर निगम अध्यक्ष, भोपाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माननीय अतिथियों का स्वागत राज्य निदेशक श्रीमती तारा पारगी एवं राज्य निदेशक श्री मंगलराम जाखड़ द्वारा किया गया।

### भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है : मंत्री सारंग

अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में मंत्री श्री सारंग ने युवाओं को देश के महान महापुरुषों के उदाहरण देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में है और यदि युवा सही दिशा, दृष्टि एवं संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तो देश को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भरता, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा युवाओं के साथ वर्चुअल संवाद रहा। अपने संबोधन में उन्होंने 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए युवाओं को इस मंच से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह प्लेटफॉर्म युवाओं को कौशल विकास, स्वयंसेवा, नेतृत्व एवं नवाचार के अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयगत सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें विशेषज्ञों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। विकसित कृषि सत्र- इस सत्र में कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक कृषि, तकनीकी नवाचार एवं किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। एच. आर. प्रभाकर, सहायक निदेशक, कृषि विभाग। खुदीराम सनोदिया, एसडीओ, कृषि विभाग डॉ. अक्षय जैन, डायरेक्टर, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, एलएनसीटी कॉलेज। वक्ताओं ने कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के उपयोग, सतत कृषि पद्धतियों, नवाचार एवं युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।



**ह्यूमन कैपिटल** - इस सत्र में मानव संसाधन विकास, कौशल उन्नयन एवं नीति-निर्माण के महत्व पर चर्चा की गई। मनोज कुमार जैन, वरिष्ठ सलाहकार एवं प्रमुख, अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस श्रीमती रोमा बाजपेई, निदेशक (वित्त एवं प्रशासन), एसएसआर ग्लोबल स्किल्स पार्क वक्ताओं ने युवाओं के कौशल विकास, रोजगार के अवसरों एवं भविष्य की अर्थव्यवस्था में मानव पूंजी की भूमिका पर गहन विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को बजट प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं एवं नीति-निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, युवाओं को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं।

# बस स्टैंड पर राखड़ से भरा बलकर पलटा, बड़ा हादसा टला



**अनोखा तीर, खंडवा/मूंदी।** मूंदी नगर के लाल बहादुर शास्त्री बस स्टैंड पर बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब राखड़ से भरा एक बलकर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना देर रात की होने से बस स्टैंड पर आवाजाही नहीं थी, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में था और अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे वह पलट गया। हादसे में चालक को चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए भेजा गया। घटना में नगर परिषद द्वारा हाल ही में निर्मित फाउंटेन वॉल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वाहन की टक्कर से संरचना क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे परिषद को आर्थिक हानि हुई है। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग बस स्टैंड पहुंच गए और काफी देर तक मौके पर भीड़ लगी रही।

उर्वरक का अग्रिम भंडारण करें किसान

## ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करना हुआ आसान

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी जरूरत के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम भंडारण करें, ताकि आवश्यकता के समय उन्हें परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से उर्वरक का शत-प्रतिशत वितरण ई-टोकन के माध्यम से ही किया जा रहा है। कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें उर्वरक के अग्रिम भंडारण के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक और पंचायत सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र के सभी किसानों के ई-टोकन बनवाएं, ताकि किसान आसानी से उर्वरक प्राप्त कर सकें। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ग्रामवार ड्यूटी लगाई गई है।

# अनोखा तीर की मुहिम से उजागर होगा करोड़ों का खेल



**● शिवहरे इंफ्रास्ट्रक्चर पर गिर सकती है गाज ● करोड़ों की वसूली की संभावना**

**अनोखा तीर, खरगोन।**

जिले के गोगावां तहसील अंतर्गत मेहरजा और डाबरिया क्षेत्र में सामने आए अवैध मुरुम उत्खनन मामले में बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अभी तक संबंधित अधिकारी द्वारा कलेक्टर को अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, लेकिन प्रशासनिक गलियारों में इस प्रकरण को लेकर हलचल तेज हो गई है।

कलेक्टर कार्यालय के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए शिवहरे इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाए जाने की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि जांच में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके आधार पर करोड़ों रुपए की दंडात्मक कार्रवाई संभव है।

**जांच पूरी, रिपोर्ट का इंतजार-** राजस्व और खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई विस्तृत जांच लगभग पूरी हो चुकी है। सीमांकन, गड्ढों की माप और खनन क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का आकलन कर लिया गया है, लेकिन आधिकारिक प्रतिवेदन अभी कलेक्टर को सौंपा जाना बाकी है। इसी रिपोर्ट के आधार पर अंतिम कार्रवाई तय होगी।

**प्रशासन सख्त, बड़ी कार्रवाई के संकेत-** सूत्रों का कहना है कि कलेक्टर इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से ले रही हैं और जैसे ही प्रतिवेदन उनके समक्ष प्रस्तुत होगा, तत्काल प्रभाव से सख्त निर्णय लिया जा सकता है। इससे यह साफ संकेत मिल रहे हैं कि अवैध खनन में संलिप्त कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। संभावित कार्रवाई की खबर सामने आते ही संबंधित कंपनी सहित खनन से जुड़े अन्य लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई है। वहीं आम जनता में उम्मीद जगी है कि इस बार अवैध खनन पर सख्ती से लगाम लगेगी। भले ही प्रतिवेदन अभी कलेक्टर तक नहीं पहुंचा है, लेकिन जिस तरह से प्रशासनिक स्तर पर हलचल और सख्ती के संकेत मिल रहे हैं, उससे साफ है कि आने वाले दिनों में यह मामला जिले की सबसे बड़ी कार्रवाई में बदल सकता है।

**मीडिया की अहम भूमिका-** इस पूरे मामले को उजागर करने में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। दैनिक अनोखा तीर द्वारा लगातार खबरों का प्रकाशन किया गया, जिससे प्रशासन का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर गया। लगातार उठाए गए सवालों और जमीनी हकीकत को सामने लाने के बाद ही यह मामला उच्च स्तर तक पहुंच पाया।

## सार-समाचार

### अंबेडकर जयंती पर सद्भावना मंच ने किया नमन

**अनोखा तीर, खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। मंच के निर्मल मंगवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और




कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रमोद जैन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज को समानता और न्याय का मार्ग दिखाया। आनंदपाल तोमर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का आदर्श वाक्य ज़िंदगी लंबी नहीं, महान होनी चाहिए आज भी प्रेरणादायक है। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश देकर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। साथ ही दलितों के अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में प्रमोद जैन, आनंदपाल तोमर, डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, केबी मंसारे, सुरेंद्र गीते, ओम पिल्ले, डॉ. एमएम कुरेशी, त्रिलोक चौधरी, ललित चौरे, सुमेर सिंह कोठारे, एनके दवे, निर्मल मंगवानी, राधेश्याम शाक्य, कमल नागपाल, किरण लखोरे, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### समानता पर्व के रूप में मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**अनोखा तीर, खंडवा/बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद्, बुरहानपुर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की अतिरिक्त कक्षा में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती के अवसर पर समानता पर्व के रूप में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत सभागार मुहम्मदपुरा में आयोजित किया गया। यहां जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् मनीष कुवादे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि



जन अभियान परिषद् द्वारा महापुरुषों के जीवन चरित्र और उनके विचारों को सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रस्तुत कर समाज के प्रत्येक वर्ग द्वारा आत्मसात किया जा सकता है, जिससे भारत को वैभवशाली बनाने और एक श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण में सहायता मिलती है। मुख्य वक्ता के रूप में बाल कल्याण आयोग के जिला सदस्य संदीप शर्मा ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार बाबा साहेब ने विपत्तियों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त की, वह हमें प्रेरणा देता है कि हम भी हर परिस्थिति में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें और निराश न हों। बाबा साहेब के जीवन और समाज के लिए किए गए कार्यों से हम सभी को प्रेरणा लेकर अपने समाज और देश को गौरवान्वित करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं, प्रस्फुटन समिति सदस्यों, परामर्शदाताओं और नवांकुर समितियों के सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन मीत वेलफेयर सोसायटी, चांदगढ़ के अध्यक्ष मिलिंद तलेकर ने किया तथा आभार परामर्शदाता मनोज राजपूत ने व्यक्त किया।

### ओंकारेश्वर में परशुराम पादुका यात्रा का स्वागत

**अनोखा तीर, ओंकारेश्वर।** भगवान परशुराम की चरण पादुका यात्रा सोमवार रात लगभग 10 बजे 200 श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ ओंकारेश्वर पहुंची। चार बसों और एक रथ के साथ आई इस यात्रा में भगवान परशुराम की पावन पादुकाएं शामिल थीं। यह यात्रा पिछले 12 वर्षों से श्री परशुराम



प्रतिष्ठान, अहिल्यानगर द्वारा निरंतर निकाली जा रही है। ओंकारेश्वर आगमन पर कोठी मुख्य मार्ग स्थित श्री गजानन होटल में पादुका पूजन किया गया। इस दौरान हेमंत दातार और श्रीमती रेखा दातार ने यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा शॉल और श्रीफल भेंट किए। यात्रा में शामिल 200 से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था गणेश नगर में की गई। यात्रा के प्रमुखों में सिद्धेश्वर मिसल, सोनाली मिसल, विजय देशपांडे और अनंत कुलकर्णी सहित अन्य लोग शामिल रहे। श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर और ममलेश्वर के दर्शन किए। दर्शन के पश्चात मंगलवार सुबह यात्रा अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

**अनोखा तीर, खंडवा।** अखंड सिंधी समाज फाउंडेशन के सहयोग से सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रेजुआ एनर्जी सेंटर की टीम द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया, जिसमें लगभग 250 लोगों ने लाभ उठाया। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरीश तलरेजा और शिविर के पीआरओ निर्मल मंगवानी ने बताया कि शिविर सिंध




के अमर शहीद संत कंवरराम के जन्मदिवस के अवसर पर बालक धाम प्रमुख बाबा माधवदास उदासी के सानिध्य में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में एक्यूपंक्चर, सुजोक, नेचुरोपैथी, ओजोन थेरेपी और कपिंग थेरेपी के माध्यम से उपचार किया गया। मुंबई के एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. संतोष पांडेय और उनकी टीम, जिसमें डॉ. सिमरन इसरानी, डॉ. पूजा सैनानी, डॉ. बृजेश कुमार मिश्रा, दुर्गेश गुप्ता और कार्तिक रावल शामिल थे, ने आधुनिक तकनीकों से बिना दवा के मरीजों का उपचार किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा डॉक्टरों की टीम का शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

### जिला कांग्रेस ने अंबेडकर जयंती पर किया नमन



**अनोखा तीर, खंडवा/मूंदी।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती के अवसर पर मंगलवार 14 अप्रैल को जिला एवं मूंदी नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### सेन महाराज जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**अनोखा तीर, खंडवा/मूंदी।** मंगलवार को मूंदी में संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर सेन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेसजनों ने लाल बहादुर शास्त्री बस स्टैंड पर शोभायात्रा का स्वागत किया।

### अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस पर निकली विशाल रैली, शहीद भगत सिंह प्रतिमा का हुआ अनावरण

**-अब जाट समाज अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह जागरूक है: राष्ट्रीय अध्यक्ष**




**अनोखा तीर, काटकूट।** अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को राष्ट्रीय जाट महासभा भारत द्वारा भव्य रैली एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह विशाल रैली ग्राम टेमला से प्रारंभ होकर बागोद, करही, कतरगांव, पिपलिया, बड़वाह होते हुए ग्राम काटकूट स्थित तेजाजी मंदिर पहुंची। जहां पूजा-अर्चना के पश्चात तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव में भ्रमण करते हुए भगत सिंह प्रतिमा अनावरण स्थल पहुंची। यहां भारत माता के वीर सपूत शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इसके पश्चात महाराणा प्रताप गार्डन में विशाल आमसभा का आयोजन हुआ। जहां सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने जाट एकता एवं आरक्षण के मुद्दे पर अपनी मजबूत आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि अब जाट समाज अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह जागरूक है। यदि सरकार हमारी जायज मांगों को नहीं मानती, तो जाट समाज अपने हक को छीनना भी जानता है। यह लड़ाई सम्मान, अधिकार और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए है। इसमें पूरा समाज एकजुट होकर खड़ा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र नीलकंठ ने समाज के गौरव को याद करते हुए जाट समाज के महान योद्धाओं और संतों जैसे वीर तेजाजी महाराज, धन्ना भगत, कर्मा बाई, महाराजा सूरजमल और गोकुल जाट के त्याग, बलिदान और साहस के बारे में बताया। इस दौरान पीएस कलवानिया ने वीर तेजाजी की कथा का वर्णन करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील ढिंगला ने भी समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत इंदौर संभाग अध्यक्ष अशोक मुंडेल के स्वागत भाषण से हुई।

### 'एकांत का शोर' काव्य संग्रह का विमोचन

# मित्रमिलन समागम आयोजित

**अनोखा तीर, खंडवा/इंदौर।** झरना 71 के पूर्व छात्र, जिनकी वर्तमान आयु 70 वर्ष से अधिक है, इंदौर में आयोजित मित्रमिलन समागम में एकत्र हुए। इस एलुमिनी समूह ने वर्षों से अपने सहपाठियों को आपस में जोड़े रखा है। इस अवसर पर सहपाठी अजय साकल्ले के काव्य संग्रह 'एकांत का शोर' का विमोचन स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज जे.के. जैन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सीवी रमन विश्वविद्यालय भोपाल के कुलाधिपति संतोष चौबे उपस्थित रहे। शिक्षाविद एमआर मंडलोई ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण प्रदीप अग्रवाल ने दिया, वहीं काव्य संग्रह की समीक्षा हर्षवर्धन व्यास द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि संतोष चौबे ने अपने उद्बोधन में कवि की रचनाओं का पाठ करते हुए अजय साकल्ले के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। समारोह में विभिन्न शहरों से आए मित्रों और परिजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। रायपुर से दिनेन्द्र सहगल, भोपाल से नरेंद्र दुबे, जलगांव से प्रदीप अग्रवाल, अयोध्या से रविंद्र यादव, इंदौर से डॉ. बीएस चौहान, सीए कमलबीर सिंह अजमानी, गिरीश जैन, प्रदीप रुनवाल सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राजीव शाह ने किया, अजय साकल्ले का आत्मकथ्य संदीप अत्रे द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन प्रदीप अग्रवाल ने किया।




### मूंदी में अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि

# विकास कार्यों का भूमिपूजन

**अनोखा तीर, खंडवा/मूंदी।** भारत के संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मूंदी नगर के वार्ड क्रमांक 8 (अंबेडकर वार्ड) में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे क्षेत्र में बाबा साहेब के जयकारों के साथ उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में मान्धाता विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल, सांसद प्रतिनिधि चन्द्रमोहन राठौर, नगर परिषद मूंदी की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति बाला राठौर, उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सखाराम निमोले ने वार्ड में स्थित प्रतिमा स्थल पर सुविधायुक्त, आधुनिक एवं दो मंजिला अंबेडकर भवन के निर्माण की मांग रखी। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि यह भवन सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को विभिन्न सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान वार्ड में पीपल के पेड़ से लखनलाल राठौर के मकान तक लगभग 15.66 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन भी किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने, सामाजिक समानता को बढ़ावा देने और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।



### माहेश्वरी महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** श्री माहेश्वरी महिला मंडल खंडवा के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बड़ाबम स्थित श्रीराम मंदिर परिसर की माहेश्वरी धर्मशाला में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में वरिष्ठ सदस्य किरण मंत्री एवं निर्मला काबरा की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नीता राठी ने अध्यक्ष, पिंकी भदादा ने उपाध्यक्ष, कविता मूंदड़ा ने सचिव, वर्षा लड्ढा ने सह सचिव, कंचन काकाणी ने कोषाध्यक्ष तथा विद्या राठी ने संगठन मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। कार्यकारिणी सदस्यों में सुषमा हेड़ा, शोभा काकाणी, सपना काकाणी, नीलू सोनी, मनीषा माहेश्वरी, सरिता जेथलिया, प्रीति राठी, रजनी काकाणी, हेमा बाहेती, रीना गिलड़ा, मंजू काबरा, वीणा भदादा, उषा परवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए माहेश्वरी पंचायत खंडवा के अध्यक्ष नारायण बाहेती, सचिव विजय राठी, कोषाध्यक्ष योगेश गांधी, माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष दीपक धूत, सचिव संतोष राठी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश गिलड़ा सहित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया तथा अंत में सपना काकाणी ने आभार व्यक्त किया।




# जन्म कल्याणक पर भव्य शोभायात्रा, 1008 कलशों से अभिषेक

**अनोखा तीर, खंडवा।** पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन जन्म कल्याणक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रवचन के दौरान जैन संत आदित्य सागर महाराज ने कहा कि अहम और वहम से दूर रहकर ही जीवन को उत्सव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गलतफहमियां संबंधों में दूरी पैदा करती हैं, इसलिए व्यक्ति को संयम और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीना चाहिए। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि जन्म कल्याणक दिवस का विशेष महत्व है। अयोध्या नगरी के पंडाल में भगवान के जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा में दो हाथी, 10 घोड़े और 10 बग्गियां शामिल रहीं, जिनमें इंद्र-इंद्राणी विराजमान थे। बैंड-बाजों और भजनों के साथ श्रद्धालु पूरे मार्ग में भक्ति नृत्य करते हुए आगे बढ़े। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर अयोध्या नगरी पहुंची, जहां बालक भगवान को सुमेरु पर्वत पर विराजमान किया गया। इसके बाद 1008 कलशों से जलाभिषेक किया गया। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य तरुण कैलाश गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, वीरेंद्र जैन, विजय सेठी, पंकज छाबड़ा, सचिव सुनील जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। विभिन्न धार्मिक क्रियाएं विधानाचार्य पीयूष भैया द्वारा संपन्न कराई गईं। महोत्सव के अंतर्गत अगले दिन तप कल्याणक का आयोजन किया जाएगा।



**भजन संध्या, सीपीआर प्रशिक्षण हुआ-** समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि तापड़िया गार्डन, अयोध्या नगरी में शाम 7 बजे देश के प्रसिद्ध जैन भजन गायक रूपेश जैन ने अपनी टीम के साथ भजन संध्या की प्रस्तुति दी। दोपहर 1:30 बजे इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, खंडवा द्वारा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीपीआर (कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने श्रद्धालुओं और समाजजनों को आपात स्थिति में हृदयगति रुकने पर प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आमजन को जीवन रक्षक तकनीक से परिचित कराना है, ताकि समय रहते जरूरतमंद की सहायता कर जीवन बचाया जा सके।




**जाहिर सूचना**

**दिनांक : 13/04/2026**

मेरे पक्षकार इंडिया शेल्टर फाइनेन्स कारपोरेशन धार द्वारा प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भावी ऋणी **श्रीमती सुनीता बाई पति राजेश मीणा** निवासी **107, ग्राम शकरगाँव, शकागाँव, भीकनगांव, जिला खरगोन, म.प्र.** को उनका पता **खसरा नं. 173 (B), मकान नं. 107, ग्राम शकरगाँव, शकागाँव, भीकनगांव, जिला खरगोन, म.प्र.** जो कि गाँव के मुख्य मार्ग के अंदर स्थित है, **जिला खरगोन (म.प्र.)** का कुल क्षेत्रफल **44 वर्गमीटर** जिला खरगोन को बंधक रखकर उस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त मकान **श्रीमती सुनीता बाई पति राजेश मीणा,** जिला खरगोन का होकर रजिस्टर्ड पत्र विलेख दस्तावेज क्रमांक MP8IGR17722026A100436820 दिनांक 09/04/2026 है। उक्त चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैः- उत्तर-प्लाट नं.-105 (P) ममता बाई अशोक का मकान, दक्षिण-प्लाट नं.-143 (P) आम रास्ता, पूर्व-प्लाट नं.-106 (P) रानु बाई रघुवीर का मकान, पश्चिम-प्लाट नं.-108 (P) संतोष छितर अनारसिंग नानुराम का मकान है।

जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या वित्तीय संस्था या वारिस को स्वत्व या बंधक संबंधी कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर संलिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में संपर्क करें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तावित ऋणी की उक्त संपत्ति को बंधक रखकर उस पर ऋण प्रदाय कर दिया जावेगा।

**भवदीय**
**अभय रावत एडवोकेट,**
**9, सुन्दरवन कालोनी, गीत गार्डन के पास, धार**
**मोबाईल नंबर- 80859-04049**

## सार-समाचार

# धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती

### विधायक ने की अंबेडकर भवन निर्माण की घोषणा

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** स्थानीय अंबेडकर वार्ड में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने निर्माणाधीन अंबेडकर भवन का निरीक्षण कर वार्ड में सर्व सुविधायुक्त एक अच्छा अंबेडकर भवन बनवाने की महत्वपूर्ण घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा साहेब को नमन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजक समिति ने मुख्य अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत



किया। इस अवसर पर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह एवं पूर्व विधायक श्रीमती सविता दीवान शर्मा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष तथा समाज के उत्थान में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह को बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय, राघव पटेल, ग्राम के सरपंच चेतन मीना, उपसरपंच धर्मेंद्र पटेल, अर्जुन सिंह मीणा, मंगेश महेश्वरी, मनमोहन अग्रवाल, बृजेश दुबे, धनीराम मौर्य, बृजमोहन पचौरी, दिनेश नामदेव, बृजमोहन मीना, भावेश दुबे, सलरी अहिरवार, आशुतोष तिवारी, उदित मीणा, एहसान खान, तरुण अगवाल कार्यक्रम के आयोजनकर्ता रामदास अहिरवार, पंकज चौधरी, राहुल अहिरवार, सतीश चौधरी, सुनील अहिरवार झालोन,दामोदर अहिरवार, जसमन, धनसिह ऋतिक, जितेंद्र, नित्तू, रमन, सुनील, स्वजातीय बंधु, युवा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। समारोह में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

# विधि की जानकारी से ही अपराधों से बचाव संभव : न्यायाधीश

### अर्चनागांव में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** तेजी से बढ़ते नए-नए अपराधों से बचाव के लिए प्रत्येक नागरिक को विधि की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। यह बात न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने ग्राम पंचायत अर्चनागांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर में कही। न्यायाधीश डेहरिया ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं के प्रति अपराध और सायबर धोखाधड़ी के मामले सबसे



अधिक सामने आ रहे हैं। सायबर अपराधी रोज नए तरीके अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं, इसलिए मोबाइल का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग कर दुर्घटना में जीवन बचाया जा सकता है। नशे को सामाजिक बुराई बताते हुए उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार और सामाजिक सम्मान को भी समाप्त कर देता है। इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। शिविर में न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट, बाल अपराध, एसिड अटैक, महिला उत्पीड़न और प्रकृति की सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की पहचान कराने और किसी भी गलत हरकत पर तुरंत अभिभावक व शिक्षकों को बताने की सलाह दी। आगामी 9 मई 2026 को होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें आपसी राजीनामे से प्रकरणों का निपटारा होता है और फैसले के विरुद्ध अपील नहीं होती।

# अवैध गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** प्रदेश भर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोहागपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी दौरान पुलिस को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम टूटाखापा निवासी जीतू उर्फ जीतेन्द्र पारदी अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया



गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी और आरोपी जीतू उर्फ जीतेन्द्र पारदी पिता सागर पारदी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से करीब 960 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 14 हजार 400 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### समय पर तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री के आगमन से पहले कलेक्टर ने किया कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** बानापुरा कृषि उपज मंडी में 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सोमवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कृषि उपज मंडी स्थित सभा स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर मिश्रा मंडी प्रांगण पहुंचे और मंच पर गैलरी तथा किसानों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंच की मजबूती और बैरिकेडिंग का काम शाम तक पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरे परिसर में पेयजल के टैंकर, छाया के लिए अतिरिक्त टेंट की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल तक आने वाले सभी मार्गों का ट्रैफिक




प्लान तैयार कर वन-वे करने तथा पार्किंग स्थल चिन्हित करने को कहा। मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान किसान सीधे योजनाओं की जानकारी ले सकें। स्वास्थ्य विभाग मेडिकल एम्बुलेंस और नगर पालिका फायर ब्रिगेड की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।

एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार सहित शहर के जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी निरीक्षण में मौजूद रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर, पुलिस संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मंच व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल, बिजली और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी। बैठक में कार्यक्रम को सुचारू, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

# होम स्टे योजना से खाली कमरों को बनाएं आय का साधन

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** जिले को एक जिला एक उत्पाद के तहत पर्यटन को कोड गया है। जिसमें मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें होमस्टे योजना प्रमुख है। जिसके लिए मध्यप्रदेश पर्यटन और जिला प्रशासन द्वारा इस योजना के जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं लोगों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नर्मदापुरम जिले के ऐसे नागरिक जिनके पास किसी पर्यटन स्थल के आसपास मकान या अतिरिक्त खाली कमरे उपलब्ध हैं, वे मध्यप्रदेश शासन की होम स्टे योजना के माध्यम से उन्हें आय के स्त्रोत में परिवर्तित कर सकते हैं। इस योजना के तहत अपने घर के कमरों को पर्यटकों को किराये पर देकर न केवल अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। यह योजना पर्यटन विभाग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसमें पंजीयन अनिवार्य है, ताकि



पर्यटकों के लिए सुरक्षा, स्वच्छता एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। पात्रता पूर्ण करने वाले प्रत्येक नागरिक को पंजीयन का अधिकार प्रदान किया गया है।

### आसान पंजीयन प्रक्रिया एवं आकर्षक अनुदान की सुविधा

विभागीय जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश में वर्तमान में सैकड़ों होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जहां हजारों पर्यटक ठहर चुके हैं और इससे उल्लेखनीय आय अर्जित हुई है। हाल ही में नर्मदापुरम जिले के मढ़ई पर्यटन क्षेत्र में एक बड़ी कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें होमस्टे योजना की जानकारी देते हुए होमस्टे का भृमण भी कराया गया था। मढ़ई पर्यटन स्थल के समीप छेड़का, ढावा एवं उरदोन जैसे ग्रामों में भी होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जो स्थानीय परिवारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्राम विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इच्छुक आवेदक एमपी ऑनलाईन पोर्टल अथवा भोपाल स्थित भदभदा रोड कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए पहचान पत्र, निवास प्रमाण एवं बैंक संबंधी जानकारी आवश्यक होगी। पंजीयन उपरांत निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है, जिसमें कमरों की स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। योजना के अंतर्गत पंजीयन होने पर राज्य शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। पहले वर्ष 50 अतिथि दिवस पूर्ण करने पर 15 हजार रुपए, दूसरे वर्ष 75 अतिथि दिवस पर 20 हजार रुपए तथा तीसरे वर्ष 100 अतिथि दिवस पर 25 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। इसके अतिरिक्त होम स्टे का ब्रोशर तैयार करने के लिए 10 हजार रुपए तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल मार्ट में भागीदारी के लिए 50 हजार रुपए तक की ग्रांट भी उपलब्ध कराई जाती है। योजना के तहत आवासीय भवन में 1 से 6 अतिरिक्त कमरे तथा अधिकतम 12 बेड की व्यवस्था की जा सकती है, जिसमें प्रत्येक कमरे में अधिकतम 3 बेड रखने का प्रावधान है। बिना पंजीयन होम स्टे संचालित करना एवं सुरक्षा तथा स्वच्छता मानकों की अनदेखी करना प्रतिबंधित है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें तथा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहभागिता निभाएं।

### यूपीएससी टॉपर श्रेयांश बड़ोदिया का हुआ सम्मान

# मेहर गढ़वाल समाज ने मनाई बाबा साहेब की 135वीं जयंती

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम /सेमरी हरचंद।**

मेहर (गढ़वाल) समाज कल्याण परिषद द्वारा सामुदायिक भवन, श्री साईं किरण विहार कॉलोनी, नर्मदापुरम में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय समाजजनों के अतिरिक्त भोपाल, खंडवा, भेरूंदा, साईं खेड़ा, इटारसी एवं माखन नगर सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष जीपी मेहरा द्वारा बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब




को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर परिषद के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष जीडी बड़ोदिया के सुपुत्र श्रेयांश बड़ोदिया को भारतीय प्रशासनिक सेवा (यूपीएससी) परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने पर शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर समिति की ओर से सम्मानित किया गया। श्री श्रेयांश ने इस अवसर पर बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज के युवाओं को प्रेरित किया और आश्वासन दिया कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा से संबंधित किसी भी सहायता के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने समिति से आग्रह किया कि समाज के युवाओं के साथ-साथ देश-विदेश में कार्यरत शासकीय, अशासकीय उपक्रमों एवं उद्यमियों को भी संस्था से जोड़ा जाए, ताकि उनका मार्गदर्शन संस्था के विकास में सहायक हो सके।

### वक्ताओं ने किया बाबा साहेब के जीवन का स्मरण

कार्यक्रम में एसपी मेहरा, बीबी मेहरा, डीएस मसानिया, कृष्णकांत झा, एएल बामलिया, राजेंद्र हाथिया, टीकाराम मोहनिया, संतोष ग्वारिया, राजेंद्र मेहरा तथा महिला प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती अर्चना मेहरा ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर अपने विचार रखे।

### गणमान्य जन रहे उपस्थित

कार्यक्रम में परिषद के पूर्व पदाधिकारी राजेश पचलानिया, देवी प्रसाद मेहर, राजेश मेहरा सहित इटारसी से भगीरथ मेहरा, किशोर बछलिया, कैलाश बिलिया, कपिल जूनानिया, संजय मेहरा, भेरूंदा से बलराम मेहरा, धरम सिंह मेहरा, लखनलाल मोहने, कवि आनंद पगारे, खंडवा से हरिशंकर गढ़वाल उपस्थित रहे। महिला प्रकोष्ठ से पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती जसुमति बड़ोदिया, वर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता बामलिया, श्रीमती क्षमा मेहरा एवं श्रीमती सरोज हाथिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की व्यवस्था बीबी मेहरा, संजय सिंह, ओमप्रकाश रोहले, राजेश मेहरा एवं संतोष कजोड़िया ने संभाली। अंत में संजय सिंह ने श्रेयांश बड़ोदिया एवं उनके परिवारजनों सहित समस्त अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर भाजपा नगर मंडल ने संगोष्ठी का किया आयोजन



**अनोखा तीर, इटारसी।**

नगर में मंगलवार को भाजपा नगर मंडल द्वारा भारत रत्न, संविधान निर्माता श्रद्धेय बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. शर्मा ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, प्रारंभिक शिक्षा, संविधान निर्माण समिति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष, शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। तथा उनका जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबासाहेब के व्यक्तित्व का स्मरण किया। तथा उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

संगोष्ठी के पश्चात श्रद्धेय बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे ने किया एवं आभार महामंत्री सौरभ मेहरा ने माना। इस अवसर पर जयकिशोर चौधरी, दीपक अठोंत्रा, जसवीर छावड़ा, गोपाल शर्मा, उपनिषद दुबे, संदेश मालोनिया, गौरव बड़कुर, श्रीमती आशा राव, राकेश अहिरवार, प्रतीक मालवीय, मोहनीश दमाड़े, राकेश जाधव, जिम्मी कैथवास, कुंदन गौर, शुभम गौर, राहुल प्रधान, देवेंद्र पटेल, शाहबाज बैग, संजीव हूरा, आशीष मालवीय, अरविंदर सिंह भाटिया, सुनील दुबे, ऋषभ चौहान, शुभम गौर, पवन उसरेटै, अशोक साकले, कुलदीप रघुवंशी, राहुल चौरे, रोहित चौरे, गोपी सिंह, रोहित वैश्कर, अमित मौर्य, अमित भाट एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सेन महाराज जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** सेन समाज के आराध्य देव सेन महाराज की जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार शाम स्थानीय खेड़ापति मंदिर से बाबई रोड स्थित मंगल भवन तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में सेन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु, माताएं एवं बहनें बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ सम्मिलित हुईं। शोभायात्रा खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर पीपल चौक रामलीला चौक, बाबई रोड मार्ग से होते हुए मंगलभवन पहुंची, जहां यात्रा का विधिवत समापन किया गया। शोभायात्रा में बच्चे डीजे बाजे की धुन पर नाचते-गाते शामिल हुए। समापन के बाद आरती-पूजन का आयोजन हुआ एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी धर्मेंद्र पटेल एवं मित्रों द्वारा यात्रा में चल रहे समस्त श्रद्धालुओं का स्वल्पाहार वितरण कर आत्मीय स्वागत किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

### प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, इटारसी।**

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद के सामने नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन देवी खड़ोतिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने देश को संविधान देकर समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया। उन्होंने नगर पालिका एवं प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इटारसी नगर में शीघ्र ही बाबा साहब




की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके विचारों से प्रेरणा ले सकें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस मौके पर कार्यक्रम को पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश बामने, कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय, पंकज राठौर, बाबू चौधरी, मोहन झालिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में नगर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नपाध्यक्ष पंकज चौरे को बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर में उपयुक्त स्थान का चयन कर शीघ्र ही बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की जाए। इस अवसर पर ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, मोहन झलिया, बाबू चौधरी, राजकुमार उपाध्याय, पंकज राठौर, रमेश बामने, देवी खाड़ोतिया, सोनू बकोरिया, अर्जुन कुचबंदिया, राम शंकर सोनकर, हरीश अग्रवाल, अमित परदेसी, बल्ला यादव, चंदू दुबे, अतुल तिवारी सहित अन्य कांग्रेस सदस्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय जनपद पंचायत माखन नगर, जिला-नर्मदापुरम

### निविदा-विज्ञप्ति

सर्वसाधारण व्यक्तियों की सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत माखननगर में मुख्यमंत्री कन्याविवाह / निकाह योजनांतर्गत 53 जोडो का सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम दिनांक 19 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सामूहिक विवाह की व्यवस्था में लगने वाली सामग्री की निविदा निम्नानुसार दिनांक 16.04.2026 को सायं 04 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित दिनांक व समय पर बंद लिफाफे अपनी-अपनी दरे पृथक-पृथक श्री हरिप्रसाद बरेले खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत माखननगर को प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं किये जावेगे।

**सामग्री का नाम : 1. टेण्ट सामग्री 2. माईक सेट 3. भोजन पैकिट 4 वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी**

**नोट :-** विस्तृत जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोड़कर देखी जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत माखननगर**

## सार-समाचार

### बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं : न्यायाधीश सोनाली शर्मा

**अनोखा तीर, सतवास।** सांदीपनि शाउमावि सतवास के परिसर में आयोजित समारोह में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्नौद न्यायालय के न्यायाधीश सोनाली शर्मा थे। स्वागत भाषण संकुल प्राचार्य आशा जोशी ने दिया। अपने उदबोधन में न्यायाधीश सोनाली शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शो पर चलकर हम अपना जीवन सफल और उद्देश्य पूर्ण बना सकते है। हम सब को बाबा साहब के



आदर्श मार्ग का अनुसरण करना है। समतामूलक समाज और सामाजिक समरसता ये हमारे जीवन का और हमारी संस्कृति का मूलमंत्र है, जो बाबा साहब ने ही हमें दिया है। आज हम सब मिलकर यह संकल्प लेते है कि इन्ही उद्देश्यों के लिए हम अपना सारा जीवन लगा देंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांस्कृतिक शिक्षक मनोज दुबे ने नारे लगवाए बाबा साहब अंबेडकर अमर रहे, अमर रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पंकज बैरागी और सुदामा यादव ने किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से नजर खां, शुभम मालवीय, विद्यालय परिवार से गणेश धूर्वे, श्रीराम चौहान, सुनील राठौर, विनोद मालवीय, गजानंद यादव, आनंद शर्मा, प्रदीप यादव, अलकेश राठौर, मनोज राठौर, सुदामा यादव, विजेंद्र अहिरवार, प्रमिला कर्मा, रामदिन ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

### अजाक्स ने मनाई अंबेडकर जयंती

**अनोखा तीर, खातेगांव।** भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) खातेगांव तहसील अध्यक्ष गंगाप्रसाद मालवीय के नेतृत्व में हर्षोल्लास से मनाई गई। सर्व प्रथम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया, इसके पश्चात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण



किया गया एवं बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मोहन भास्कर जिला सचिव अजाक्स देवास, हेमंत कचौली ब्लॉक उपाध्यक्ष, मनोज सारठिया तहसील उपाध्यक्ष, सोनम कुशराम नायब तहसीलदार, अशोक भास्कर सचिव, मूलचंद बसोदिया महासचिव, महेशचंद्र भास्कर, जगदीश गहलोत, शैलेश कचौली, राजेश सांवले, जगदीश राठौर, सुरेश नागले, सुरेश परते, रेवाराम कामले, ओमप्रकाश सांवले, अनिल सांवले, बालकृष्ण इक्के, सामाजिक संगठन से कचरू सांवले, सुरेश मनसौरे, मगन मनसौरे, महेश भास्कर, रामदयाल वर्मा, बलराम गुर्जर, मेराम धनवारे, शैलेंद्र सारवान, ओमप्रकाश मालवीय, दिनेश सांखला, बलराम मंडलोई, अमृत मेहंदिया, कुणाल सोलंकी उपस्थित रहे।

### अभा अनुसूचित जाति परिषद ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

**अनोखा तीर, देवास।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद द्वारा जिलाध्यक्ष रश्मि पांडेकर के नेतृत्व में मंगलवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ उज्जैन रोड़ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व बाबा साहब द्वारा बताए गए सतमार्गो पर चलने का संकल्प लेते हुए मनाई गई। इस दौरान सभा भी हुई, जिसमें पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। तत्पश्चात बीएनपी स्थित डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सीमा चौहान, विक्रम सिंह देवड़ा, बाबूलाल गुजराती, मुन्ना सरकार, फूलसिंह चौहान, सुशीला चौहान, देवराज, राजेश चौहान, बीएल मालवीय सहित बड़ी संख्या में परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जीव जल कलश अभियान के अंतर्गत बनाया जल मंदिर




**अनोखा तीर, खातेगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला देवास की नगर इकाई नेमावर द्वारा सेवार्थ विद्यार्थी एसएफएस द्वारा जीव जल कलश अभियान के अंतर्गत राहगीरों के लिए मां नर्मदा के घाट पर जल मंदिर बनाया एवं जल मंदिर का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिले के ब्लॉक शाहपुर में जन अभियान परिषद द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आकाश गुप्ता शामिल हुए साथ ही सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं एकलव्य



आदर्श विद्यालय शाहपुर के सभी शिक्षक और सभी मेंटर्स भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाबा साहब आंबेडकर के जीवन और उनके विचारों पर चर्चा करते हुए बताया कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, शिक्षा को उन्होंने दलितों, वंचितों ओर कमजोर वर्ग के लोगों अथवा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है और शिक्षा ही बदलाव का सबसे बड़ा रूप है कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अंत में उपस्थित सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त कर समापन किया गया

---

**पुलिस की तत्परता**

# बैंक चोरी का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**अनोखा तीर, बैतूल।**

थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में थाना मुलताई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। फरियादी रवि पिता शंकर सरोदे, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम देवरी, तहसील मुलताई द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 20 मार्च को दोपहर लगभग 2:00 बजे उसने नागपुर नाका स्थित पंजाब नेशनल बैंक, मुलताई से 50 हजार नगद निकाले। उक्त राशि को अपने बैग में रखकर बैंक के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में टांग दिया एवं पास के ठेले से अंगूर खरीदने लगा। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका बैग चोरी कर लिया गया, जिसमें 50 हजार नगद एवं एक पुरानी सोने की अंगूठी कुल कीमत लगभग 70 हजार रखी हुई थी। रिपोर्ट पर थाना मुलताई में अपराध क्रं. 209/26 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में



लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान प्रिंस उर्फ नकुल पिता पुरुषोत्तम सिसोदिया, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम कड़िया सासी, थाना बोडा, जिला राजगढ़ के रूप में की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को जिला झालावाड़ से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने उक्त चोरी की घटना स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से चोरी गई नगदी में से 35 हजार बरामद किए गए। आरोपी को 14 अप्रैल को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, सउनि मोहनलाल गुप्ता, प्रआर गजराज, आरक्षक गोपाल, आरक्षक चालक सेवाराम एवं आरक्षक आनंद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जपं में कार्यक्रम हुआ आयोजित

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

मप्र शासन द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के तत्वाधान जनपद पंचायत सभागृह खातेगांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मेश्राम धनवारे उपाध्यक्ष मनीष पटेल एवं जिला पंचायत जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजवीर कुड़िया एवं सभी जनपद पंचायत खातेगांव के उपस्थित सचिव व अधिकारी एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग पदाधिकारीयो ने सहभागिता दी। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष पटेल के मुख्य अतिथि में जनपद सीईओ, मुख्य प्रवक्ता मोहन भास्कर अध्यक्ष जेबीएस संघ की उपस्थिति में सभी अतिथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सर्वप्रथम मनीष पटेल जनपद उपाध्यक्ष के द्वारा बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर संक्षिप्त बात रखी गई उन्होंने बाबा साहब के जीवन संघर्ष को भारतीय संविधान निर्माता के रूप साराहना करते हुए संविधान के प्रति अपने अपने कर्तव्य और दायित्व एवं अधिकारों पर प्रकाश डाला।



तत्पश्चात मोहन भास्कर ने बाबा साहब के संपूर्ण जीवन काल के संघर्षों को चार भागों में विस्तार से बताया गया। सर्वप्रथम उनके बाल्यावस्था से शैक्षिक अवस्था और सामाजिक आंदोलन एवं राजनीतिक सफर का विस्तार से वर्णन किया। उनके जीवन संघर्षों पर चिंतन करते हुए सामाजिक न्याय समानता बंधुत्व और उनके तीन सफल सूत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो पर विचार करते हुए उनकी महानता का गुणगान किया। जिला जनपद सदस्य राजवीर कुड़िया के द्वारा बाबा साहब के संविधान की व्याख्या की और जीवन संघर्ष पर विचार रखा गया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने समाज के लिए सबसे महानता का मानवतावादी संदेश दिया जो बाबा साहब की महानता का प्रतीक माना जाता है। जगदीश राठौर नोडल अधिकारी जनजातीय कार्य विभाग खातेगांव के द्वारा अपने संचालन में समस्त अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम की समापन कि घोषणा की। यह सफल कार्यक्रम का संचालक जगदीश राठौर के द्वारा किया गया।

## सोनाघाटी हनुमान मंदिर में सीसीटीवी कैमरों की तत्काल जरूरत

**दानदाताओं से सहयोग की अपील**




**अनोखा तीर, बैतूल।** सोनाघाटी हनुमान मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता जताई गई है। इस कार्य को अतिआवश्यक बताते हुए मंदिर से जुड़े भक्त पुरुषोत्तम गंगवानी ने दानदाताओं से सहयोग की अपील की है। दान राशि कृष्णा ऑटोमोबाइल, बस स्टैंड गंज पर समिति अध्यक्ष के पास जमा कर सकते है। साथ ही दान देने के बाद पुरुषोत्तम गंगवानी को कॉल करे ताकि जल्द से जल्द कैमरे लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। इस संबंध में श्री गंगवानी ने कहा कि मंदिर हमारे पूर्वजों की धरोहर है। इसे सुरक्षित रखना हम सभी सनातनियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बूंद-बूंद से सागर भरता है और सामूहिक सहयोग से यह कार्य आसानी से पूरा किया जा सकता है। धर्म कार्य में सहयोग की शुरुआत भी हो चुकी है। स्व. सीमा, टिम्मू गंगवानी की ओर से 1100 रुपए तथा पप्पू आर्य ने अपने पिता स्व. सुंदरलाल आर्य की स्मृति में 1100 रुपए का योगदान दिया है। इसके साथ ही सुनील हेमंत टायर द्वारा 500 की राशि भेंट की है। पुरुषोत्तम गंगवानी ने सभी श्रद्धालुओं से शीघ्र दान देकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

## कांग्रेस ने किया दलितों का सम्मान, प्रतिमा पर माल्यार्पण व शोभायात्रा का स्वागत

**अनोखा तीर, चिचोली।** कांग्रेस कमेटी शहर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कांग्रेस नेताओं ने सुबह निकटत्तम मलाजपुर मे पहुंच वहां दलित व पिछड़े वर्ग के लोगो को पुष्प हार पहना कर सम्मानित किया। स्थानीय जनपद परिसर मे स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर भी कांग्रेसजनो ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को याद किया। इस अवसर ओर उपाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल ने बाबा साहेब का सदी का सबसे बड़ा सामाजिक परिवर्तन का मसीहा बताया, वरिष्ठ नेता नरेन्द्र आर्य ने संविधान को महान भारत की आत्मा बताते हुए निर्माता को नमन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर राहुल पटेल ने वर्तमान समय मे संविधान को सुनियोजित तरीके से ख़त्म करने वाली प्रदेश व देश की मोदी सरकार को घेरते हुए दलित विरोधी करार दिया, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष यादव कांग्रेस की विचारधारा को दलितों पिछड़ो का हितेषी बताते बाबा साहेब के प्रति कृतग्यता प्रकट की। अनिल ने भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्होंने समाज सुधारक का जो काम किया वह पूरा देश देख रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस



अध्यक्ष राहुल पटेल, सुभाष यादव, वरिष्ठ नेता राजेंद्र जायसवाल, नरेन्द्र आर्य, अनिल भूसारी, भूपेंद्र आर्य, रमाकांत सोनी, रोहित आर्य, राज उइके, रुपेश आर्य, रुप्पू, रुपेश आर्य, दीपक शेषकर, राजेश, मनीष आर्य, सोमू पंडोल उपस्थित रहे।

## स्कूटर, कार और बाइक की टक्कर में युवक गंभीर घायल

**अनोखा तीर, देवास।** शहर में ट्रैफिक थाने के सामने मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे स्कूटर, कार और बाइक की आपस में टक्कर हो गई। क्रॉसिंग पर ब्रेक लगने से हुए इस हादसे में बाइक सवार उछलकर कार के पिछले कांच से टकरा गया, जिससे 40 वर्षीय गोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया है। जहां प्राथमिक इलाज के दौरान चेहरे पर 10 से ज्यादा टांके लगाकर उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे ट्रैफिक थाने के सामने क्रॉसिंग करते वक्त एक स्कूटर सवार ने अचानक ब्रेक लगा दिया, ब्रेक लगने के कारण स्कूटर के पीछे आ रही कार उससे टकरा गई। इसी दौरान कार के ठीक पीछे आ रही बाइक भी अनियंत्रित होकर कार के पिछले हिस्से में जा घुसी। पीछे से हुई यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहे 40 वर्षीय गोपाल सिंह उछलकर कार के पिछले कांच से टकरा गए। कांच से टकराने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायल को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनके चेहरे पर करीब 10 से ज्यादा टांके आए हैं। हादसे के समय बाइक पर पीछे बैठे गोपाल सिंह के दोस्त राजेश मंडलोई (निवासी अमोना) ने बताया कि वे दोनों मंगलवार सुबह बाइक से इंदौर के पास स्थित एक गांव में जा रहे थे।



## गुरव समाज महिला संगठन की प्रेरणादायक बचत योजना बैठक संपन्न

**अनोखा तीर, देवास।** गुरव समाज महिला संगठन द्वारा बचत योजना (बीसी) की द्वितीय माह की बैठक बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। यह बैठक पिछली बार की विजेता आदरणीय श्रीमती अर्चना काले के निवास स्थान पर आयोजित की गई, जहां सभी बहनों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया गया। बैठक के दौरान बचत योजना से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, साथ ही समाज की एकता, सहयोग और प्रगति को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि इसमें मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिससे सभी उपस्थित सदस्यों ने आनंदपूर्वक भाग लिया और आपसी प्रेम एवं सौहार्द और भी प्रगाढ़ हुआ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई बाबा साहब की जयंती, नगर में हुआ भव्य स्वागत

**अनोखा तीर, चिचोली।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती आज नगर में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य जुलूस निकाला गया, जिसका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। नगर के प्रमुख मार्ग जय स्तंभ चौक पर जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता आशुतोष बाली मालवीय और नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती वर्षा रितेश मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह कुशवाह भाजपा नेता संजय आवलेकर, सोसायटी अध्यक्ष मुकेश मालवीय, राजेश आर्य, सहित भाजपा नेताओ ने समिति के अध्यक्ष सहीत सभी का आत्मीय स्वागत किया। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए भाजपा नेताओं द्वारा जुलूस में शामिल बाबा साहब के अनुयाईयो एवं नागरिकों के लिए विशेष शीतल पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास शेषकर परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जुलूस धीरे-धीरे भव्य रूप लेते गया और बसंत पेट्रोल पंप के पास अहिल्या चौक विमुक्त घुमंतू अर्ध, घुमंतुजनजाति महासंघ मध्यप्रदेश चिचोली मंडल द्वारा शीतल जल एवं पुष्पों की वर्षाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज पाल प्रदेश मीडिया प्रभारी



किशोर पाल, लखन पाल, बंटी पाल, कृष्ण पाल, अशोक पाल, मोहीत पाल, मुकूल पाल, श्रीमती कविता पाल, पिंकी पाल, महिला मंडल अध्यक्ष, के द्वारा हर्ष उल्लास के साथ बाबा साहब की जयंती का पुष्प वर्षा एवं शीतल जल पीलाकर मनाया गया और बाबा साहब के पद चिन्ह पर चलने का संकल्प लिया। इसी तरह जूलूस सोनी महौल्ला में बजरंग मंदिर के पास भव्य स्वागत हुआ। जगह-जगह जुलुस का स्वागत हुआ। बाजार चौक होते हुए जूलूस आजाद खेल मैदान में समापन हुआ। समिति अध्यक्ष राजू पंड्रांग्रे द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।

## अनुकरणीय पहल, रथयात्रा निकालकर नगर में सकोरे व चावल का किया निःशुल्क वितरण

**● सेवानिवृत्त शिक्षक संघ ने दाना-पानी अभियान चलाया**

**अनोखा तीर, सतवास।** सेवानिवृत्ति शिक्षक संघ द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी व खाने की व्यवस्था के लिए बीडा उठाया गया। इसके अंतर्गत दाना पानी अभियान की शुरुआत की गई। संघ द्वारा नगर में रथ यात्रा निकलकर जागरुकता अभियान द्वारा घर-घर सकोरे व चावल का निःशुल्क वितरण किया गया। रैली में छत पर बैठी चिड़िया रानी, तुमसे मांगे दाना पानी। हम सबने यह ठाना है, पक्षियों को बचाना है, लाओ हम अपना फर्ज निभाए, प्यासे पक्षियों को पानी पिलाए जैसे नारों के माध्यम से नागरिको को प्रेरणा दी गई। संघ अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सोलंकी के नेतृत्व में चलाए गए दो चरणों के अनूठे अभियान में नागरिको से आग्रह किया गया कि प्रतिदिन सकोरो में पानी भरकर पक्षियों के खाने की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखे। सोलंकी ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी के अभाव में पक्षियों की मौत हो रही है, हमारा दायित्व है कि इस अभियान से प्रेरणा लेकर पक्षियों के लिए जागरूक हो तथा मानवता की मिशाल पेश करे। इस अभियान में मांगीलाल चौधरी, हीरालाल उइके, सुरेश चंद्र साहू, श्यामलाल जाधव, राघवेन्द्र तिवारी, अरविन्द शर्मा, चंद्र गोपाल काशिव सुरेन्द्र चौहान, सुरेश चावड़ा, उपस्थित थे। गायत्री यादव, परशुराम कर्मा, प्रमोद गौर, हबीब शेख, अनवर खान, दिलीप शर्मा का विशेष सहयोग रहा।



### आमला सारणी विधायक के प्रयासों से लादी-भाडावाड़ी मार्ग निर्माण की तकनीकी बाधाएं दूर



**अनोखा तीर, आमला।** विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के सतत प्रयासों एवं विभागीय समन्वय के चलते लादी से भाडावाड़ी मार्ग निर्माण में आ रही तकनीकी बाधाएं दूर हो गई हैं। अब लगभग 439 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों लादी एवं भाडावाड़ी को सुरक्षित एवं सुगम संपर्क प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तावित इस सड़क के निर्माण में वन क्षेत्र से गुजरने के कारण विभिन्न तकनीकी अड़चनें उत्पन्न हो रही थीं जिसके चलते कार्य लंबे समय से रुका हुआ था।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

# नारी शक्ति नेतृत्व का नवयुग



# 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन

15 अप्रैल, 2026 | रवीन्द्र भवन, भोपाल

## मुख्य अतिथि

# डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण सुनिश्चित करने वाला **'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'** नारी शक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्त भविष्य का ऐतिहासिक संकल्प है। इस युगांतरकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से **अभिनंदन एवं आभार**"



**डॉ. मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश**

D-11006/26

**सशक्त नारी, सशक्त देश**

**राज्य स्तरीय नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा**
**(10 -25 अप्रैल 2026)**

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP

JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026